**नई चिंता** : भोपाल, जबलपुर और इंदौर में बढ़ रहे हैं मरीज, 7 जिलों में केस ज्यादा, जिला अस्पतालों में 10 बेड का आइसोलेशन वार्ड तैयार होंगे

# डेंगू रोकने के लिए सीएम के निर्देश

भोपाल » सिटी रिपोर्टर

मध्यप्रदेश में कोरोना फिलहाल नियंत्रण में है, लेकिन डेंगू के मरीज लगातार बढ़ते जा रहा हैं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल, जबलपुर और इंदौर कलेक्टर को ध्यान देने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने सभी जिला अस्पतालों में 10 बेड का आइसोलेनशन वार्ड तैयार करने का कहा है। प्रदेश के तीन महानगरों सहित मंदसौर, रतलाम, आगर मालवा और छिंदवाड़ा में डेंगू के साथ चिकनगुनिया के मरीज बढ़ते जा रहे हैं।

स्वास्थ्य विभाग और जिलों के अफसरों के साथ वर्चुअल बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी अस्पतालों में फीवर क्लिनिक का क्रियान्वयन तेजी से शुरू हो। इसकी नियमित समीक्षा की जाए। ओपीडी में शीघ्र परिक्षण एवं डेंगू की जांच के लिए सुविधा की मॉनिटरिंग लगातार की जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के स्टैंडर्ड ट्रीटमेंट अनुसार ही डेंगू का उपचार उपलब्ध कराया जाए।

## सभी कलेक्टर रिस्पांस टीम गठित करें



मुख्यमंत्री ने सभी जिलों के कलेक्टरों से कहा कि रैपिड रिस्पांस टीमों का गठन करें। इसके साथ ही अतिरिक्त दल गठित कर रैपिड फीवर सर्वे एवं वेक्टर कंट्रोल की व्यवस्था की जाए। मच्छर के लार्वा शून्य होने तक प्रभावित क्षेत्रों में एंटीलार्वल गतिविधियां चलती रहें। लार्वा नियंत्रण के लिए टेमीफोस, बीटीआई जैसे एंटीलार्वल रसायन का उपयोग किया जाए। उन्होंने नगर निगम और नगर पालिका के अफसरों को निर्देश दिए कि फॉगिंग एवं छिड़काव के लिए पर्याप्त मात्रा में कम्प्रेसर पंप और फॉगिंग मशीन का उपयोग किया जाए। प्रभावित क्षेत्रों में रसायन साइफ़ेनोथ्रिन 5% द्वारा आउटडोर फॉगिंग लगातार होना चाहिए। कीटनाशक पायरेथ्रम 2% द्वारा डेंगू पॉजिटिव रोगी के घर के आसपास 400 मीटर के क्षेत्र में स्थित 50 घरों में स्पेस स्प्रे का छिड़काव करना सुनिश्चित किया जाए।

## वैक्सीनेशन अभियान की समीक्षा 17 सितंबर से



मुख्यमंत्री ने डेंगू की रोकथाम के अलावा वैक्सीनेशन अभियान की समीक्षा की। प्रदेश में 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिन के अवसर पर वैक्सीनेशन अभियान की शुरुआत की जाएगी। इसको लेकर स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव मोहम्मद सुलेमान ने प्रेजेंटेशन दिया। उन्होंने बताया कि 30 सितंबर 2021 तक प्रदेश में पात्र नागरिकों का पहला डोज पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए जिलों में फर्स्ट डोज की पेंडेंसी और उनके द्वारा प्रति दिवस अधिकतम डोज लगाने की क्षमता के हिसाब से साप्ताहिक डोज लगाने के लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं।

दैभा

11-9-2021

निगम, मलेरिया और राजस्व के मिलाकर चार दलों का गठन, डेंगू नियंत्रण पर करेंगे फोकस

# डेंगू: एक लाख पंपलेट बांटे जाएंगे शहर में

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. जिले में लगातार फैलते डेंगू पर नियंत्रण करने के लिए कलेक्टर एक्शन मोड में आ गए हैं। शहर में डेंगू नियंत्रण के लिए चार टीमों का गठन करके इन्हें केवल और केवल डेंगू नियंत्रण पर ही फोकस करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा शहर के लोगों में जागरुकता के लिए एक लाख पेंपलेट बांटने को भी कहा है।

डेंगू नियंत्रण पर समीक्षा के लिए शुक्रवार को कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम तमाम विभागों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने बैठक में निगमायुक्त सोमनाथ झारिया को निर्देश दिया कि डेंगू पर जनजागरूकता संबंधी जानकारी देने वाले एक लाख पेंपलेट शहर में घर-घर पहुंचाया जाए। घरों पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पेम्पलेट में अंकित जानकारी पढ़कर सुनाएंगी और वितरित करेंगी।

## चार दल गठित

कलेक्टर ने कहा डेंगू नियंत्रण के लिए चार दलों का गठन करें। निगम के अलावा राजस्व तथा मलेरिया के कर्मचारी सम्मिलित रहेंगे। जल जमाव हटाने, मच्छर नियंत्रण, फागिंग जैसे कार्य करवाने के साथ ही लोगों में जागरूकता भी लाएंगे। गठित दल केवल डेंगू नियंत्रण के लिए ही कार्य करेंगे। शहर में डेंगू नियंत्रण तथा शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन पर चर्चा के लिए कलेक्टर पुरुषोत्तम ने एक बैठक 11 सितंबर की सुबह 11 बजे कलेक्टेट सभाकक्ष में बुलाई है। बैठक में जनप्रतिनिधि तथा पूर्व पार्षदगण उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटी के सदस्य भी मौजूद रहेंगे।

## मानव सेवा समिति से एक दिन में 101 यूनिट रक्त प्रदान

रतलाम. जिले में बढ़ रहे डेंगू के प्रकोप से प्रतिदिन डेंगू के मरीजों के लिए प्लेटलेट्स की मांग बढ़ती जा रही है। इसकी पूर्ति मानव सेवा समिति भरसक करने का प्रयास कर रही है। गुरुवार को एक ही दिन में 101 ब्लड और प्लेटलेट्स की यूनिट जरुरतमंदों को प्रदान कर एक रिकार्ड बना दिया गया। मानव सेवा समिति के अध्यक्ष मोहनलाल मुरलीवाला ने बताया की वर्तमान स्थिति को देखते हुए मानव सेवा समिति के सभी सदस्य एवं स्टाफ तथा टेक्नीशियन डेंगू मरीजों को प्लेटलेट्स उपलब्ध कराने के लिए दिन रात अपनी सेवाएं दे रहें है। मुरलीवाला ने मानव सेवा समिति के माध्यम से रतलाम जिले के रक्तदाता साथियों से आग्रह किया है के वर्तमान में रक्तदान शिविर का आयोजन न कर आवश्यकतानुसार मानव सेवा समिति में आकर रक्तदान करें जिससे जरुरतमंदों तक आसानी से पहुंच सके। साथ ही उन्होंने आह्वान किया है कि आम जनता अपने परिवार में या आसपास कहीं भी किसी को वायरल हो तो तुरंत डेंगू की जांच करवाएं।

पत्रिका

पत्रिका
11-9-2021

### मैजिक चालक राशि को तरसे

# घर-घर सब्जियां पहुंचाईं, राशि के लिए परेशान हो रहे चालक

## परिवहन मंत्री से टैक्स माफ करने की मांग

भास्कर संवाददाता | रतलाम

कोरोना काल में लोगों के घरों तक सब्जियां पहुंचाने के लिए मैजिक चालकों ने अपनी मैजिक लगाई थी। इन चालकों को अब तक भुगतान नहीं हो पाया है। इससे मैजिक चालक भुगतान के इंतजार में है। मैजिक टेम्पो यूनियन के अध्यक्ष अशोक पंचोली ने बताया कि कोरोना संक्रमण के बीच मैजिक चालकों ने अपनी जान हथेली पर रखकर मैजिक लगाई और लोगों के घरों तक पहुंच सब्जियां पहुंचाई लेकिन कई मैजिक चालकों को राशि नहीं मिल पाई है।

**इन छूटों की मांग की :** परिवहन मंत्री ने बसों का टैक्स माफ कर दिया लेकिन मैजिक का टैक्स माफ करने की तरफ उनका ध्यान नहीं है। जबकि मैजिक चालक भी सस्ती ट्रांसपोर्ट सेवा मुहैया कराते हुए शहरवासियों की सेवा में जुटे हैं। बावजूद यह स्थिति है। मैजिक यूनियन के अध्यक्ष अशोक पंचोली एवं पदाधिकारियों ने राज्य सरकार, जिला प्रशासन से कोरोना काल में लगी मैजिक का भुगतान करने और बीमा, फिटनेस सहित अन्य टैक्स माफ करने की मांग की है।

दै. भास्कर

11-9-2021

# नेशनल लोक अदालत में निगम करों के अधिभार से मिलेगी राहत

रतलाम ● स्वदेश समाचार

आज शनिवार को आयोजित नेशनल लोक अदालत में नगर निगम द्वारा संपत्तिकर व जलकर के बकायादारों को अधिभार (सरचार्ज) में छूट दी जाएगी। बकाया राशि जमा कराने हेतु नगर निगम कार्यालय जलकर काउंटर के बाहर तथा कोर्ट परिसर में शिविर का आयोजन कार्यालयीन समय में किया गया है।

सम्पत्ति कर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि रुपए 50,000/- (रुपए पचास हजार) तक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी तथा जलकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि रुपए 10,000/- (रुपए दस हजार) तक बकाया होने पर 100 प्रतिशत की छूट।

सम्पत्ति कर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि रुपए 50,000/- (रुपए पचास हजार) से अधिक तथा रुपए 1,00,000/- (रुपए एक लाख) तक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 50 प्रतिशत की छूट तथा जलकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि रुपए 10,000/- से अधिक तथा रुपए 50,000/- तक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 75 प्रतिशत की छूट। सम्पत्ति कर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि रुपए 1,00,000/-, (रुपए एक लाख) से अधिक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 25 प्रतिशत की छूट तथा जलकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि रुपए 50,000/- से अधिक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 50 प्रतिशत की छूट।

उक्त छूट मात्र एक बार ही दी जाएगी। यह छूट वित्तीय वर्ष 2020-21 तक की बकाया राशि पर ही देय होगी। यह छूट मात्र 11/09/2021 की नेशनल लोक अदालत के लिए मान्य होगी।

स्वदेश

दै. स्वदेश 11-9-2021

# नेशनल लोक अदालत आज

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। जिला मुख्यालय स्थित जिला न्यायालय व जिले तहसील न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन प्रधान न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता के निर्देशन में 11 सितंबर को किया जाएगा। जिन प्रकरणों का निराकरण होगा, उनके पक्षकारों को छायादार व फलदार पौधा निःशुल्क दिए जाएंगे नेशनल लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित विभिन्न प्रकार के 12 हजार 687 प्रकरण व प्रीलीटिगेशन (मुकदमा पूर्व) के 8 हजार 6060 प्रकरण निराकरण के लिए रखे जाएंगे। लोक अदालत के लिए जिला मुख्यालय पर 17, जावरा तहसील न्यायालय में नौ, आलोट तहसील न्यायालय में छह व सैलाना तहसील न्यायालय में दो खंडपीठों का गठन किया गया है। शनिवार सुबह साढ़े दस बजे से खंडपीठों पर प्रकरणों के निराकरण की कार्रवाई की जाएगी। लोक अदालत शाम पांच बजे तक चलेगी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव व जिला न्यायाधीश अरुण श्रीवास्तव ने प्रकरणों का निराकरण कराकर लोक अदालत का लाभ लेने की अपील की है।

## ट्रैक्टर-ट्राली चोरी

रतलाम। ग्राम पंचेड़ से 8 व 9 सितंबर की दरमियानी रात बद्रीलाल प्रजापत पुत्र कारू प्रजापत निवासी ग्राम पंचेड़ की ट्रैक्टर-ट्राली अज्ञात बदमाश चुराकर ले गए। पुलिस के अनुसार बद्रीलाल ने ट्रैक्टर-ट्राली (एमपी-43/ एए-8565) गांव के कमलेश के खेत पर खड़ी की थी। वहां से बदमाश उसे चुराकर ट्राली चुराकर ले गए।

नईदुनिया

नईदुनिया 11-9-2021

दैनिक भास्कर, शनिवार, 11 सितंबर, 2021

# दुःखद सच... डेंगू ने रिकॉर्ड बनाया, जिले में 272 केस, ये अब तक के सर्वाधिक, सिर्फ 24 घंटे में 25 नए मामले सामने आए

## शहर में डेंगू कंट्रोल के लिए 3 विभाग के 4 दल बने, 2018 में 242 मामले थे, सीएम शिवराज सिंह चौहान ने डेंगू को लेकर कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम से लिया अपडेट

### 6 दिन में ही शहर में 65 नए मामले आए, कलेक्टर ने कहा - जल्द कंट्रोल करेंगे डेंगू, आज जनप्रतिनिधि और पूर्व पार्षदों के साथ होगी चर्चा

भास्कर संवाददाता | रतलाम

ये दुःखद है लेकिन सत्य भी है। हमारे शहर में डेंगू ने नया इतिहास रच दिया है। शुक्रवार को सिर्फ 24 घंटे में 25 नए मामले सामने आ गए। इसी के साथ अब शहर में कुल केस 272 हो गए है। जोकि, अब तक के सर्वाधिक हैं। इधर पिछले 6 दिन में ही शहर में 65 नए मामले सामने आ गए हैं। पुराना रिकॉर्ड 2018 में बना था, उस दौरान 242 मामले मिले थे। डेंगू को लेकर शुक्रवार को सीएम शिवराजसिंह चौहान ने प्रदेश के सबसे ज्यादा प्रभावित 7 शहरों के कलेक्टर से हालातों का जायजा भी लिया है। इनमें रतलाम भी शामिल है। रतलाम कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने मुख्यमंत्री को जल्द ही डेंगू पर कंट्रोल करने का भरोसा दिया है। शहर में पिछले 6 दिन में 65 नए मामले मिल गए हैं, दो दिन से लगातार 10 से ज्यादा केस आ रहे थे, शुक्रवार को 25 केस मिले।

**7 साल से इस तरह सामने आ रहे मामले**




**2018 में 5 मामले ही थे** - 2018 में 242 केस सामने आए थे लेकिन चौंकाने वाली बात यह भी है कि 2018 में सितंबर के महीने तक केवल 5 डेंगू के मामले ही थे। इसके बाद केस बढ़ना शुरू हुए थे। जो दिसंबर के महीने तक डेंगू के मामले मिलते रहे थे। इधर, इस साल बारिश में ही डेंगू के मामले सामने आने पर चिंता की लकीरें खींच गई हैं। सालभर में नया रिकॉर्ड कायम होने के आसार बन रहे हैं।

**सरकारी अस्पताल के सभी बेड फुल, निजी अस्पताल में भी डिस्चार्ज मरीजों की जगह कर रहे भर्ती** - शहर में डेंगू के साथ ही वायरल का प्रकोप भी बढ़ा है। सरकारी ओपीडी 1500 से ज्यादा की बनी हुई है, जो आम तौर पर 800 या 900 मरीजों की रहती है। सभी वार्ड में बेड फुल हो चुके हैं, आलम ऐसा है कि मरीजों को जमीन पर भर्ती किया जा रहा है। इधर निजी अस्पताल में भी बेड फुल होने लगे हैं। शहर के प्रमुख निजी अस्पतालों में बेड की परेशानी शुरू हो गई है। ऐसे में डिस्चार्ज होने के बाद अन्य मरीज को भर्ती किया जा रहा है।

**नगर निगम, राजस्व व मलेरिया विभाग के कर्मचारी काम करेंगे** - कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने निगमायुक्त सोमनाथ झारिया को कहा कि डेंगू जनजागरूकता के 1 लाख पम्पलेट शहर में घर-घर पहुंचाए जाएं। घरों में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पम्पलेट में अंकित जानकारी पढ़कर सुनाएंगी और बांटेंगी। शहर में डेंगू नियंत्रण के लिए चार दल का गठन किया जाएगा। इसमें नगर निगम के अलावा राजस्व व मलेरिया विभाग के कर्मचारी शामिल रहेंगे। यह दल शहर में डेंगू नियंत्रण के लिए लगातार काम करेंगे। जलजमाव हटाने, मच्छर नियंत्रण, फॉगिंग जैसे काम होंगे। दल केवल डेंगू नियंत्रण के लिए ही काम करेंगे, उनको अन्य किसी काम में नहीं लगाया जाएगा। प्रत्येक दल को वाहन भी दिया जाएगा।

*सावधान रहने की जरूरत है* - *डेंगू को लेकर सावधान रहने की जरूरत है। शहर में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। हमने अलग-अलग विभागों को जिम्मेदारी दी है।*
**कुमार पुरुषोत्तम,** कलेक्टर, रतलाम

भास्कर

दै. भास्कर
11-9-2021

**तैयारी जोरों पर** कलेक्टर ने निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया, लगभग 3 करोड़ 50 लाख रुपए की लागत से विभिन्न कार्य किए जा रहे

# पोलोग्राउंड में स्टेडियम निर्माण 25 तक पूर्ण कर लिया जाएगा



**रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क**

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने गुरुवार को पोलो ग्राउंड स्थित खेल स्टेडियम में किए जा रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। लगभग 3 करोड़ 50 लाख रुपए की लागत से स्टेडियम में विभिन्न कार्य किए जा रहे हैं। इस दौरान निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया तथा नगर निगम के कार्यपालन यंत्री जी.के. जायसवाल भी उपस्थित थे।

स्टेडियम के लिए पेवेलियन का निर्माण किया जा रहा है, विभिन्न कक्ष निर्मित किए जा रहे हैं। बाथरूम बनाया जा रहा है, शेड निर्माण किया जा रहा है। स्टेडियम में जिम बनाया जा रहा है, योगा कक्ष भी बनाया जा रहा है।

**प्रदर्शनी स्थल बनेगा:** स्टेडियम निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने निगम आयुक्त को निर्देश दिए कि स्टेडियम के सामने वाले छोर पर एक प्रदर्शनी स्थल बनाया जाए जो सीमेंट कंक्रीट से निर्मित होगा। प्रदर्शनी स्थल शहर में आने वाले शिल्प व्यवसायियों अथवा अन्य वस्तु सामग्री की प्रदर्शनी लगाने वाले व्यक्तियों के लिए सुलभ रहेगा। मेले इत्यादि आयोजित हो सकेंगे।

## निगम को आय भी प्राप्त होगी

उक्त आयोजनों हेतु शहर के मध्य स्थित यह स्थान सबसे उपयुक्त रहेगा, इससे निगम को आय भी प्राप्त होगी। कलेक्टर ने कार्यपालन यंत्री जायसवाल को मेजरमेंट तैयार करने के निर्देश दिए। कलेक्टर द्वारा स्टेडियम के आसपास निगम द्वारा हटाए गए अतिक्रमण की जानकारी भी ली गई। साथ ही फूड जोन के संबंध में भी दिशा-निर्देश दिए।

२१५

राजएक्सप्रेस
11-9-2021

## मुख्यमंत्री ने की कम वैक्सीन वाले व डेंगू प्रभावित जिलों की समीक्षा

# 15 को डेंगू के विरुद्ध विशेष अभियान 26 तक शत-प्रतिशत टीकाकरण

**भोपाल ● 10 सितम्बर ( ब्यूरो )** मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश में 26 सितम्बर तक प्रथम डोज का शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन पूर्ण किया जाए। सभी पात्र व्यक्तियों के टीकाकरण के लिए वोटर लिस्ट को आधार बनाया जाए। गांव तथा वार्डों से जो व्यक्ति रोजगार के सिलसिले में बाहर गए हैं उनकी जानकारी दर्ज कर शेष सभी व्यक्तियों को वैक्सीन की प्रथम डोज लगाना सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि डेंगू से बचाव के उपायों की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। मुख्यमंत्री स्वयं 15 सितम्बर को प्रातः 10 से 10.30 बजे के बीच डेंगू के विरुद्ध इस अभियान में फॉगिंग, लार्वा नष्ट करने, जल जमाव को खाली करने जैसी डेंगू से बचाव और नियंत्रण संबंधी गतिविधियों में भाग लेंगे। मुख्यमंत्री आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से कम वैक्सीनेशन और डेंगू प्रभावित जिलों के कलेक्टरों से वर्चुअली चर्चा कर रहे थे। ( शेष अंतिम पृष्ठ पर )



**प्रदेश में डेंगू के 2200 केस :-** मुख्यमंत्री चौहान ने डेंगू से सर्वाधिक प्रभावित जिलों मंदसौर, जबलपुर, रतलाम, आगर- मालवा, भोपाल, छिंदवाड़ा और इंदौर के कलेक्टरों से भी चर्चा की। बैठक में जानकारी दी गई कि प्रदेश में डेंगू के 2200 केस विद्यमान हैं। भोपाल कलेक्टर ने बताया कि शहर के 11 वार्डों में डेंगू के प्रकरण हैं। नियंत्रण के लिए सघन फॉगिंग और लार्वा नष्ट करने का कार्य जारी है। घरों में जल भराव मिलने पर जुर्माना भी किया जा रहा है। बैठक में जिलों के कलेक्टरों ने बताया कि जागरूकता अभियान और डेंगू से बचाव तथा नियंत्रण के लिए गतिविधियां संचालित की जा रही हैं।

# शनिवार को रतलाम ग्रामीण तथा शहर में शत-प्रतिशत फर्स्ट डोज कम्प्लीट किया जायेगा




रतलाम। जिले में कोविड वैक्सीनेशन अभियान के तहत आगामी शनिवार को रतलाम ग्रामीण तथा शहर को फोकस किया जाएगा। शनिवार को रतलाम ग्रामीण तथा शहर में शत-प्रतिशत रुप से वैक्सीन का फर्स्ट डोज कम्पलीट कर लिया जाएगा। इसके लिए सम्पूर्ण अमले को उक्त दोनों स्थानों पर लगाया जाकर लक्ष्य अर्जित किया जाएगा। साथ ही सेकेण्ड डोज भी लगेगा। कलेक्टर ने गुरुवार शाम बैठक लेते हुए कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती मीनाक्षी सिंह, अपर कलेक्टर श्रीमती जमुना भिडे तथा अन्य संबधित अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में अभियान की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देशित किया कि रतलाम ग्रामीण और शहर को छोड़कर अन्य सभी विकासखंडों के एसडीएम अपने-अपने विकासखंड के लिए शनिवार को बैठक आयोजित करें। बैठक में शिक्षकों, पटवारियों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा कार्यकर्ताओं को शत-प्रतिशत कोविड-19 वैक्सीनेशन कराने के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान करें। सभी ग्रामीण क्षेत्रों में छुटे हुए लोगों का वैक्सीनेशन कराने के लिए प्रत्येक ग्राम में दो लोगों का दल तैयार किया जाए। यह दल प्रत्येक ग्राम में टीकाकरण से शेष रहे लोगों की लिस्टिंग करेगा और टीकाकरण दिवस पर उन्हें घरों से लाकर टीकाकरण कराया जाएगा। इसके लिए प्रत्येक 10 ग्राम पर 1 सेक्टर अथवा जोनल अधिकारी को नामांकित किया जाएगा। प्रत्येक एसडीएम स्तर पर कार्यक्रम की प्रतिदिन समीक्षा की जाएगी, प्रत्येक सेक्टर में किए गए टीकाकरण की ग्रामवार समीक्षा होगी। छुटे हुए लोगों की लिस्ट तैयार कर उसका ऑनलाइन सत्यापन किया जाएगा और गलत लिस्ट बनाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि 1 जनवरी 2003 के बाद जन्म लेने वाले अर्थात हाल ही में 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवाओं की सूची तैयार की जाए और सूची में शामिल युवाओं का वैक्सीनेशन किया जाए। वैक्सीनेशन के लिए दलों का ड्यूटी आदेश जारी किया जाए, विकासखंडों में छात्रावासों, कन्या परिसरों में रहने वाले छात्र-छात्राओं की सूची तैयार करके इनके वैक्सीनेशन की जानकारी प्राप्त की जाए और छुटे हुए लोगों का वैक्सीनेशन किया जाए।

**डेंगू को भी कोरोना की तरह गंभीरता से लेवे-बैठक में समीक्षा करते** हुए कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने निर्देश दिए कि डेंगू के प्रकोप को भी कोरोना की तरह गंभीरता से लेवे, गहन सर्वेक्षण कर मरीजों का उपचार किया जाए। अभियान के रूप में सफाई कराई जाए, जल जमाव हटाए जाएं, लोगों को जागरूक करने के लिए अनाउंसमेंट करवाएं, मच्छरनाशक छिड़काव में कमी नहीं रखें, फागिंग केमिकल्स बाजार में मिलता है वहां से क्रय कर छिड़काव कराएं। इन्दौर

इन्दौर समाचार
11-9-21

# शासकिय भूमियों को अवैध कब्जेधारियों से मुक्त कराने के कलेक्टर द्वारा निर्देश

रतलाम। रतलाम रियासत में वर्षो से शासकिय भूमियां कई लोगों ने अनर्गल तरीके से हडप रखी है जिनकी कीमतें करोडों रू. में है पिछले दिनों जिलाधिश ने कुछ भूमियों की जांच पडताल की उसमें अतिक्रमण पाया गया व अवैध तरीके से हथियाई उसके प्रमाण मिले। उसको लेकर जिलाधिश सख्त हो गए व राजस्व अमले को जिले की समस्त शासकिय भूमियों को रेखांकित करने व कब्जाधारियों को बलपूर्वक हटाने का निर्देश भी दिया। रतलाम शहर में भी कई भूमियां शासकिय होकर माफियाओं के चंगुल में है जिसकी सख्ती से जांच करना चाहिए व उसको मुक्त कराकर शासन अपने कब्जे में ले। विद्वान जिलाधिश इस ओर अग्रसर है मगर कई रसूखदार लोग इसमें बाधा भी बन सकते हैं लेकिन जिलाधिश शायद इनको दरकिनार करते हुए शासनहित में माफियाओं से भूमि लेने में सफल होगें उनकी कार्यप्रणाली सख्त होकर निर्भिक हैं। शुभ वन्दन 9.9.21

शुभ वंदन
9/9/2021

अस्पतालों की अधूरी तैयारियों ने बढ़ाई चिंता

# सीजनल बीमारियों में ही हांफे तीसरी लहर के इंतजाम

**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com

भोपाल. कोरोना की तीसरी लहर से निपटने के लिए किए गए इंतजाम बच्चों की सीजनल बीमारियों में ही हांफने लगे हैं। प्रदेश में वायरल, डायरिया और निमोनिया जैसी बीमारियां बच्चों को ज्यादा प्रभावित कर रही हैं। इसके चलते ज्यादातर सरकारी अस्पताल फुल हैं। एक-एक बिस्तर पर दो-दो मरीजों को भर्ती किया जा रहा है। यह स्थिति तब है जब सरकार ने कोरोना से निपटने के लिए प्रारंभिक तैयारियों का दावा किया था। इस सीजनल बीमारियों ने सारे इंतजामों की पोल खोल दी है।

**राजधानी में बच्चा वार्ड के सभी बेड फुल:** राजधानी के सबसे बड़े अस्पताल हमीदिया में बच्चा वार्ड के सभी बेड और एसएनसीयू फुल हैं। यहां 150 से ज्यादा बच्चे भर्ती हैं। वहीं जेपी जिला अस्पताल में भी 100 से ज्यादा बच्चे वायरल इंफेक्शन, निमोनिया, डायरिया, सांस लेने में तकलीफ के चलते भर्ती हैं। इसी तरह इंदौर में निमोनिया, उल्टी-दस्त और बुखार जैसी बीमारियों की वजह से भर्ती बच्चों को फिलहाल चाचा नेहरू बाल अस्पताल में भर्ती किया जा रहा है। यहां अभी 70 से ज्यादा बच्चे भर्ती है। कुछ बच्चे आइसीयू में हैं। यही हाल ग्वालियर के केआरएच अस्पताल का है। यहां 160 पलंग पर 306 बच्चे भर्ती हैं। जबलपुर में भी यही हाल है। शेष @ पेज 02



हमीदिया अस्पताल के वार्ड में मरीजों और परिजनों की भीड़।

डेंगू और कोरोना से जंग

## डेंगू के डंक पर सरकार सख्त मैदान में खुद उतरेंगे शिवराज

भोपाल. प्रदेश में डेंगू और कोरोना के बढ़ते केस के चलते मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को आपात बैठक की। पता चला कि कोरोना के बीच प्रदेश में डेंगू के भी 2200 केस हैं। इनसे निपटने के लिए शिवराज ने भोपाल समेत सात जिलों को डेंगू के लिए विशेष तौर पर सतर्क रहने कहा। वहीं सभी जिला अस्पतालों में दस बेड का आइसोलेशन वार्ड डेंगू मरीजों के लिए आरक्षित रखने के निर्देश दिए। यही नहीं डेंगू की रोकथाम के लिए शिवराज खुद 15 सितंबर को सुबह दस बजे से मैदान में उतरेंगे। शेष @ पेज 02

**डेंगू को लेकर निर्देश**

- जिलों में कलेक्टर रैपिड रिस्पांस टीम का गठन कर रैपिड फीवर सर्वे एवं वेक्टर कंट्रोल गतिविधियां शुरू करें।
- ओपीडी में परीक्षण एवं डेंगू की जांच हेतु सुविधा की मॉनीटरिंग करते रहें।
- प्रभावित क्षेत्र में वाहक मच्छरों की वृद्धि के स्रोत में कमी लाने प्रयास किये जाएं।
- 7 दिनों से अधिक समय तक कहीं जल जमा न हो।
- मच्छर के लार्वा शून्य होने तक मुआयना करते रहें।

पत्रिका

पत्रिका
11-9-2021

# रचना कॉलोनी की जांच करने के आदेश

## निगम आयुक्त ने बनाई जांच कमेटी

रतलाम. भक्तन की बावड़ी महू रोड बस स्टैण्ड के पास रचना हाउसिंग कालोनी में कॉलोनाईजर द्वारा अब तक किए गए कार्य व अधूरे कार्यों की जांच के लिए कमेटी का गठन किया है। कमेटी को 15 सितंबर तक जांच रिपोर्ट देने को कहा है।

निगम आयुक्त झारिया ने आदेश जारी कर कार्यपालन यंत्री कॉलोनी सेल, लोक निर्माण विभाग सुरेशचन्द्र व्यास, प्रभारी कार्यपालन यंत्री जलप्रदाय मोहम्मद हनीफ शेख, प्रभारी सहायक यंत्री विद्युत विभाग एमके जैन, प्रभारी सहायक यंत्री लोक निर्माण अनवर कुरेशी, उपयंत्री लोक निर्माण विभाग राजेन्द्र मिश्रा व उपयंत्री जलप्रदाय विभाग सुहास पंडित को जांच दल में शामिल किया है।

## इन बिंदुओं की होगी जांच

उक्त कालोनी में विकास कार्य सीसी रोड, पेवर ब्लॉक, सीवरेज पाईप लाईन, बगीचा का आन्तरिक विकास मय खेल उपकरण, सेप्टिक टैंक, ट्यूबवेल, होव्हर हेड टैंक, सम्पवेल, पेयजल पाईप लाईन कार्य आदि, इलेक्ट्रीक पोल, एलईडी स्ट्रीट लाईट, ट्रांसफार्मर आदि के समस्त आवश्यक कार्य कॉलोनाईजर द्वारा कौन-कौन से कितनी मात्रा में पूर्ण किये है व कॉलोनी के अनुमोदित मानचित्र पर दर्शाये तथा शेष अधूरे कार्य साथ ही निगम में बंधक रखे गये भूखण्ड़ो की वर्तमान भौतिक स्थिति कॉलोनी के अनुमोदित मानचित्र पर दर्शाकर विस्तृत जांच रिपोर्ट 15 सितम्बर तक प्रस्तुत किये जाने के निर्देश दिये है।

पत्रिका

पत्रिका 11/9/21

# रचना हाउसिंग कालोनी में निर्माण की रिपोर्ट 15 सितंबर तक दें

रतलाम। भक्तन की बावड़ी महू रोड बस स्टैंड के पास रचना हाउसिंग कालोनी में कालोनाइजर द्वारा पूर्ण किए गये शेष विकास कार्यों की रिपोर्ट 15 सितंबर तक देने के निर्देश निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने दिए हैं।

कार्यपालन यंत्री कालोनी सेल, लोक निर्माण विभाग सुरेशचन्द्र व्यास, प्रभारी कार्यपालन यंत्री जलप्रदाय मोहम्मद हनीफ शेख, प्रभारी सहायक यंत्री विद्युत विभाग एमके जैन, प्रभारी सहायक यंत्री लोक निर्माण अनवर कुरेशी, उपयंत्री लोक निर्माण विभाग राजेंद्र मिश्रा व उपयंत्री जलप्रदाय विभाग सुहास पंडित को उक्त कालोनी में विकास कार्य सीमेंट कांक्रीट रोड, पेवर ब्लाक, सीवरेज पाइप लाइन, बगीचा, पानी की टंकी, बिजली लाइन आदि कार्यों की रिपोर्ट सहित बंधक भूखंडों की स्थिति मानचित्र पर दर्शाते हुए 15 सितंबर तक देने के लिए निर्देशित किया गया है।

नईदुनिया 11/9/21

## जिले के प्रभारी मंत्री कल शहर में

रतलाम @ पत्रिका. जिले के प्रभारी व राज्य के नगरीय प्रशासक मंत्री ओपीएस भदोरिया सोमवार को शहर में कई आयोजन में भाग लेंगे। मंत्री भदोरिया कार से उज्जैन से रतलाम सुबह 7.30 बजे आएंगे। सुबह 10.30 बजे बाल चिकित्सालय में नए वार्ड की शुरुआत करेंगे। 12 सितंबर को 11.30 बजे मेधावी छात्रों के सम्मान समारोह में शामिल होंगे। दोपहर 1.30 बजे व्हीकल कैफे की शुरुआत करेंगे व 3 बजे बिबड़ोद में पौधारोपण करेंगे। पत्रिका

पत्रिका
11-9-2021

## प्रभारी मंत्री कल रतलाम आएंगे

रतलाम। नगरीय प्रशासन राज्यमंत्री व जिला प्रभारी मंत्री ओपीएस भदौरिया रविवार को रतलाम आएंगे। वे उज्जैन से कार से सुबह 7:30 बजे रतलाम पहुंचेंगे। सर्किट हाउस पर आने के बाद वे सुबह 10:30 बजे बाल चिकित्सालय के रिनोवेटेड वार्डों का शुभारंभ करेंगे। इसके बाद वे 11:30 बजे शहर विधायक



चेतन्य काश्यप के फाउंडेशन द्वारा आयोजित मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान समारोह में शामिल होंगे। शाम को हाउसिंग बोर्ड की बिबड़ौद स्थित कालोनी में पौधारोपण करेंगे।

नईदुनिया।

नईदुनिया
11-9-2021

## नेशनल लोक अदालत आज

रतलाम। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली और मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देश पर 11 सितंबर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन होगा। शनिवार सुबह 10:30 बजे जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेश गुप्ता नेशनल लोक अदालत का उद्घाटन करेंगे। नेशनल लोक अदालत में आपसी समझौते के आधार पर लंबित प्रकरणों का निराकरण होगा।

11-9-21 भास्कर

भास्कर
11-9-2021

# 'द्वारका' से रेलवे कर्मचारियों को सुविधा का इंतजार

**मनमर्जी का निर्माण**

**द्वारका रेसीडेंसी का गड़बड़झाला**

## द्वारका के खिलाफ मैदान में उतरेंगे कर्मचारी



रतलाम. शहर के चेतक ब्रिज राममंदिर के करीब जिस द्वारका रेसीडेंसी का निर्माण हो रहा है, उसके निर्माणकर्ता द्वारा पहले ही दिन से छल किया गया। सरकारी भूमि पर अतिक्रमण तो किया ही गया इसके अलावा रेल कर्मचारियों की आवासीय कॉलोनी सैलाना यार्ड के निवासियों के साथ जो वादा किया वो भी पूरा नहीं किया। अब रेल संगठन इसके खिलाफ आवाज उठाकर आंदोलन करने जा रही है।

जब 2019 में द्वारका रेसीडेंसी के निर्माण कार्य की शुरुआत हुई तब उसके पूर्व तक इस सड़क का उपयोग सैलाना यार्ड के निवासी आवागमन के लिए करते थे। निर्माण के दौरान जगह जगह गड्ढे कर दिए गए थे। तब रहवासियों ने आपत्ती व्यक्त की थी कि उनके मार्ग को खराब किया जा रहा है। तब रहवासियों को द्वारका रेसीडेंसी के निर्माण करने वालों ने भरोसा दिया था कि उनके लिए जो मार्ग है उसको निर्माण के बाद बेहतर किया जाएगा। जबकि ऐसा हुआ नहीं। पत्रिका

### अतिक्रमण कर बनाया मार्ग

द्वारका रेसीडेंसी के संचालकों ने सैलाना यार्ड के रहवासियों के लिए मार्ग बनाया तो, लेकिन वो सरकारी भूमि पर अतिक्रमण करके किया गया। ऐसे में नगर निगम ने उस मार्ग को तोड़ दिया है। ऐसे में अब रहवासियों को आने जाने में भारी परेशानी का सामना बारिश के दौरान करना पड़ रहा है। इतना ही नहीं, रेलवे कॉलोनी की नाली को भी तोड़ दिया गया।

तत्कालीन समय में जब निर्माण हुआ तब रेलवे कॉलोनी के रहवासियों ने इस संबंध में अवगत कराया था। तब बताया गया था द्वारका रेसीडेंसी निर्माणकर्ता रेलवे कॉलोनी के रहवासियों को सुविधा देगा। लेकिन ऐसा हुआ नहीं है। अब इनके हक की आवाज हमारा संगठन उठाएगा। - **नरेंद्रसिंह सौलंकी**, सहमंडल मंत्री, वेस्टर्न रेलवे एम्प्लाइज यूनियन

पत्रिका
11-9-21

# सौगातः बाल चिकित्सालय में अब 63 ऑक्सीजन बेड की सुविधा उपलब्ध

## कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने किया निरीक्षण

रतलाम » दबंग रिपोर्टर

शासकीय बाल चिकित्सालय अब सुंदर स्वरूप में नजर आने लगा है। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देश पर बाल चिकित्सालय में विभिन्न कार्य किए जाकर इसे सर्वविधायुक्त बनाया गया है। अब चिकित्सालय में बच्चों के लिए 63 ऑक्सीजन बेड की सुविधा उपलब्ध है जो पूर्व में मात्र 10 बेड की थी। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने गुरुवार को बाल चिकित्सालय का निरीक्षण किया। आवश्यकता अनुसार कई कार्यों के लिए दिशा-निर्देश डिप्टी कलेक्टर सुश्री शिराली जैन तथा सिविल सर्जन डॉ. चंदेलकर को दिए। चिकित्सालय में बिस्तरों पर मैट्रेस कवर लगाए जाएंगे, कई स्थानों पर पेंट करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि बाल चिकित्सालय में भी ऑक्सीजन प्लांट स्थापित करने की योजना पर कार्य किया जाएगा।



बाल चिकित्सालय में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा व्यक्तिगत रुचि लेते हुए आमूलचूल रूप से विकास कार्य करवाए जाकर नया स्वरूप दिया गया है। प्लान के मुताबिक चिकित्सालय के कार्यों को शीघ्र अति शीघ्र पूर्ण कराने के लिए कलेक्टर द्वारा डिप्टी कलेक्टर सुश्री शिराली जैन को तैनात किया गया जिनके द्वारा कार्यों की सतत मॉनीटरिंग की गई। बाल चिकित्सालय में पुरा ड्रेनेज सिस्टम नए सिरे से निर्मित किया गया है। पहले जहां मात्र 10 बेड ऑक्सीजन के थे वहीं अब इनकी संख्या बढ़कर 63 कर दी गई है। ऑक्सीजन के लिए सेंट्रल लाइन बिछाई गई है, छतों पर वाटर प्रूफिंग की गई है तथा नए बेड मुहैया कराए गए।

## आज रतलाम शहर व ग्रामीण में शत-प्रतिशत फर्स्ट डोज पूरा होगा

**रतलाम।** जिले में कोविड वैक्सीनेशन अभियान के तहत आगामी शनिवार को रतलाम ग्रामीण तथा शहर को फोकस किया जाएगा। शनिवार को रतलाम ग्रामीण तथा शहर में शत-प्रतिशत रुप से वैक्सीन का फर्स्ट डोज पूरा कर लिया जाएगा। इसके लिए सम्पूर्ण अमले को उक्त दोनों स्थानो पर लगाया जाकर लक्ष्य अर्जित किया जाएगा। साथ ही सेकंड डोज भी लगेगा। कलेक्टर ने गुरुवार शाम बैठक लेते हुए कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत मीनाक्षी सिंह, अपर कलेक्टर जमुना भिड़े व अन्य संबधित अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में अभियान की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देशित किया कि रतलाम ग्रामीण और शहर को छोड़कर अन्य सभी विकासखंडों के एसडीएम अपने-अपने विकासखंड के लिए शनिवार को बैठक आयोजित करें। बैठक में शिक्षकों, पटवारियों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा कार्यकर्ताओं को शत-प्रतिशत कोविड-19 वैक्सीनेशन कराने के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान करें। सभी ग्रामीण क्षेत्रों में छुटे हुए लोगों का वैक्सीनेशन कराने के लिए प्रत्येक ग्राम में दो लोगों का दल तैयार किया जाए। दबंग

दबंग दुनिया
11-9-2021

# 25 नए मरीज मिले, डेंगू पर सीएम ने लिया फीडबैक

## जागरूकता के लिए बांटे जाएंगे एक लाख पर्चे, शहर में चार विशेष दल गठित

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। डेंगू के मामले लगातार बढ़ने के बाद अब नियंत्रण के लिए प्रशासन, नगर निगम, स्वास्थ्य अमला अलर्ट मोड पर है। प्रदेश में डेंगू के सर्वाधिक मामले रतलाम, मंदसौर, जबलपुर, आगर- मालवा, भोपाल, छिंदवाड़ा और इंदौर जिले में सामने आए हैं। शुक्रवार को मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम से नियंत्रण के उपायों को लेकर जानकारी ली और ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए। इसके बाद कलेक्टर ने भी शहर में डेंगू नियंत्रण को लेकर चार विशेष दल गठित किए हैं। इसके साथ ही जागरूकता बढ़ाने के लिए शहर में एक लाख पर्चों का वितरण घर-घर किया जाएगा।

जिले में डेंगू नियंत्रण पर समीक्षा बैठक कलेक्टर ने निगमायुक्त सोमनाथ झारिया को निर्देश दिए कि डेंगू पर जनजागरूकता संबंधी एक लाख पेम्पलेट शहर में घर-घर पहुंचाए जाएं। घरों पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पेम्पलेट में अंकित जानकारी पढ़कर सुनाएंगी और वितरित करेंगी। डेंगू नियंत्रण के लिए चार दलों का गठन किया जाए जिसमें नगर निगम के अलावा राजस्व तथा मलेरिया विभाग के कर्मचारी शामिल रहेंगे। दल द्वारा जलजमाव हटाने, मच्छर नियंत्रण, फागिंग जैसे कार्य करवाने के साथ ही लोगों में जागरूकता के लिए काम किया जाएगा। वाहन उपलब्ध कराने के साथ ही गठित दल को अन्य किसी कार्य में नहीं लगाया जाएगा।



निगम सभागार में बैठक को संबोधित करते निगमायुक्त सोमनाथ झारिया। • नईदुनिया

शुक्रवार को मिली 51 एलाइजा टेस्ट रिपोर्ट में डेंगू के 25 नए मरीज मिले। इसमें शहर से नौ व जिले के ग्रामीण क्षेत्रों से 16 मरीज शामिल हैं। जिले कुल मरीजों की संख्या 272 हो गई है। इसमें शहर से 187 मरीज हैं।

### पूर्व पार्षदों के साथ बैठक आज

डेंगू नियंत्रण तथा शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन पर चर्चा के लिए कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा 11 सितंबर को प्रातः 11:00 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई है। बैठक में जनप्रतिनिधि तथा पूर्व पार्षदगण के अलावा क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटी के सदस्य भी मौजूद रहेंगे।

### किल कोरोना की तरह किल डेंगू अभियान चलेगा

सीएम द्वारा वीसी में कलेक्टर को दिए निर्देश के बाद शाम को निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने जिला मलेरिया अधिकारी डा. प्रमोद प्रजापति के साथ निगम अधिकारी, स्वास्थ्य अधिकारी, जोन प्रभारी व वार्ड प्रभारियों की बैठक ली।

आयुक्त ने बैठक में बताया कि डेंगू के मरीजों की संख्या में दिन प्रतिदिन इजाफा हो रहा है। किल कोरोना अभियान की तरह हमें किल डेंगू अभियान चलाकर डेंगू पर काबू पाना है। घर-घर जाकर सर्वे करें और लार्वा पाया जाने पर संबंधितों पर जुर्माने व मलेरिया विभाग से संपर्क कर लार्वा नष्ट किए जाने की कार्रवाई की जाए।

### एक मच्छर 400 मीटर के दायरे में फैला सकता है डेंगू

जिला मलेरिया अधिकारी डा प्रमोद प्रजापति ने निगम अमले की बैठक में बताया कि डेंगू एडिस मच्छर के काटने से होता है। डेंगू का मच्छर 400 मीटर के दायरे में बीमारी फैला सकता है। यह मच्छर दिन के समय काटता है।

### आमजन बरतें यह सावधानी

डेंगू का लार्वा साफ रुके हुए पानी में पनपता है। कहीं भी पांच दिन से अधिक समय का पानी रुका हुआ नहीं होना चाहिए। रुके हुए पानी में जला हुआ आइल डाला जाए, जिससे डेंगू के लार्वा नष्ट हो सकें। घरों-दुकानों में कहीं भी मटके, ड्रम, टायर, टब इत्यादि में पानी जमा न हो।

## लगातार बढ़ रही प्लेटलेट्स की मांग



मानव सेवा समिति में रक्तदान करने के लिए लगी कतार। • नईदुनिया

रतलाम। जिले में डेंगू के मरीजों की संख्या बढ़ने के साथ ही हर दिन प्लेटलेट्स की मांग बढ़ती जा रही है। मानव सेवा समिति मरीजों के लिए ब्लड व प्लेटलेट्स उपलब्ध कराकर राहत पहुंचा रही है। जिले में रक्तदान के लिए भी लोग आ रहे हैं। शुक्रवार को भी बड़ी संख्या में लोग कतार में लगे रहे। मानव सेवा समिति अध्यक्ष मोहनलाल मुरलीवाला ने बताया की वर्तमान स्थिति को देखते हुए, समिति के सभी सदस्य एवं स्टाफ तथा टेक्नीशियन डेंगू मरीजों को प्लेटलेट्स उपलब्ध कराने के लिए दिन रात सेवाएं दे रहे है।

**समिति कार्यालय आकर रक्तदान करें:** समिति अध्यक्ष ने के रक्तदाता साथियों से आग्रह किया है कि इस समय रक्तदान शिविर का आयोजन ना कर आवश्यकतानुसार मानव सेवा समिति में आकर सीधे रक्तदान करें, क्योंकि डेंगू के मरीजों को प्लेटलेट्स उपलब्ध कराने के लिए प्रतिदिन अलग-अलग रक्त ग्रुप की आवश्यकता होती है। साथ ही इसके अलावा यदि किसी परिवार या आसपास कहीं भी किसी को वायरल हो तो तुरंत डेंगू की जांच करवाएं।

नईदुनिया
11-9-2021

## मुख्यमंत्री शिवराज ने की कम वैक्सीन वाले जिलों और डेंगू प्रभावित जिलों की समीक्षा

# 26 सितंबर तक हो प्रथम डोज का शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन: सीएम

### 15 सितंबर को डेंगू के विरुद्ध विशेष अभियान

भोपाल, (प्रसं)। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश में 26 सितंबर तक प्रथम डोज का शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन पूर्ण किया जाए। सभी पात्र व्यक्तियों के टीकाकरण के लिए वोटर लिस्ट को आधार बनाया जाए। गांव तथा वार्डों से जो व्यक्ति रोजगार के सिलसिले में बाहर गए हैं उनकी जानकारी दर्ज कर शेष सभी व्यक्तियों को वैक्सीन की प्रथम डोज लगाना सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि डेंगू से बचाव के उपायों की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान स्वयं 15 सितंबर को सुबह 10 से 10.30 बजे के बीच डेंगू के विरूद्ध इस अभियान में फॉगिंग, लारवा नष्ट करने, जल जमाव को खाली करने जैसी डेंगू से बचाव और नियंत्रण संबंधी गतिविधियों में भाग लेंगे।

मुख्यमंत्री श्री चौहान शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से कम वैक्सीनेशन और डेंगू प्रभावित जिलों के कलेक्टरों से वर्चुअली चर्चा कर रहे थे। निवास पर आयोजित बैठक में चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी, मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य मोहम्मद सलमान तथा स्वास्थ्य आयुक्त आकाश त्रिपाठी उपस्थित थे।



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को कम वैक्सीनेशन एवं डेंगू प्रभावित जिलों के कलेक्टर्स के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान मंत्री विश्वास सारंग और प्रभुराम चौधरी भी मौजूद थे।

### 17 जिलों के कलेक्टरों से पूछा कम टीकाकरण का कारण

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने 70 प्रतिशत से कम वैक्सीनेशन वाले जिलों सतना, श्योपुर, भिंड, धार, रीवा, सीधी, खरगौन मंडला, मुरैना, कटनी, बालाघाट, छिंदवाड़ा, शिवपुरी, सिंगरोली, बड़वानी, अलीराजपुर और बैतूल के कलेक्टरों से टीकाकरण में कमी के कारणों पर चर्चा की। सतना कलेक्टर ने कहा कि टीके की डोज पर्याप्त है पर सिरींज कम मिल पाने के कारण टीकाकरण प्रभावित हुआ है। छिंदवाड़ा कलेक्टर ने बताया कि पोला, तीजा आदि त्यौहारों से टीकाकरण की गति प्रभावित हुई है। बैतूल कलेक्टर ने कहा कि त्यौहारों के साथ अधिक वर्षा ने टीकाकरण को प्रभावित किया है। साथ ही डेंगू तथा अन्य मौसमी बुखार के कारण कुछ प्रकरणों में टीकाकरण को लंबित किया गया है। मंडला कलेक्टर ने बताया कि टीकाकरण अभियान को गति देने के लिए वन विभाग की टीमों को भी लगाया गया है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में अब तक 75 प्रतिशत पात्र नागरिकों को प्रथम डोज तथा 17 प्रतिशत नागरिकों को वैक्सीन का द्वितीय डोज लग चुका है।

### डोज और सिरिंज की समान उपलब्धता सुनिश्चित करें

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म-दिवस 17 सितंबर को पूरे प्रदेश में वैक्सीनेशन महाअभियान संचालित किया जाए। प्रयास यह हो कि प्रदेश के शत-प्रतिशत पात्र नागरिकों को वैक्सीन का प्रथम डोज 17 सितंबर को लग जाए, जो व्यक्ति शेष रहे उनका भी वैक्सीनेशन 26 सितंबर तक अनिवार्यतः सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि दिव्यांग और वरिष्ठ जन का वैक्सीनेशन उनके घरों पर करने के लिए जिला कलेक्टर ग्राम और वार्ड स्तर तक आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करें। सभी जिलों में आवश्यकतानुसार वैक्सीन उपलब्ध कराई जाए और वैक्सीन की डोज के अनुपात में ही जिलों को सिरींज प्राप्त हो। डोज और सिरिंज की उपलब्धता के मिस मैच के कारण टीकाकरण प्रभावित नहीं होना चाहिए।

**शत-प्रतिशत टीकाकरण के लिए जनता की भागीदारी आवश्यक:** मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करने के अभियान में क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटियों और जन-प्रतिनिधियों को प्रत्येक स्तर पर जोड़ा जाए। टीकाकरण जनता का, जनता द्वारा जनता के लिए अभियान है। यह भाव शत-प्रतिशत टीकाकरण के लिए आवश्यक है।

### प्रदेश में डेंगू के 2200 केस

मुख्यमंत्री ने डेंगू से सर्वाधिक प्रभावित. जिलों मंदसौर, जबलपुर, रतलाम, आगर- मालवा, भोपाल, छिंदवाड़ा और इंदौर के कलेक्टरों से भी चर्चा की। बैठक में जानकारी दी गई कि प्रदेश में डेंगू के 2200 केस विद्यमान हैं। भोपाल कलेक्टर ने बताया कि शहर के 11 वार्डों में डेंगू के प्रकरण है। नियंत्रण के लिए सघन फॉगिंग और लारवा नष्ट करने का कार्य जारी है। घरों में जल भराव मिलने पर जुर्माना भी किया जा रहा है। बैठक में कलेक्टरों ने बताया कि जागरूकता अभियान और डेंगू से बचाव तथा नियंत्रण के लिए गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इलाज के लिए भी आवश्यक व्यवस्था की गई है।

### डेंगू होने के कारणों की जड़ पर प्रहार आवश्यक

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि डेंगू होने के कारणों की जड़ पर प्रहार आवश्यक है। डेंगू से बचाव के लिए अपनाई जाने वाली सावधानियां जैसे जल-जमाव न होने, मच्छर का लारवा नष्ट करने, साफ-सफाई रखने जैसी गतिविधियां जनता को साथ लेकर ही चलाई जा सकती हैं। जागरूकता और आवश्यक सावधानियों का पालन कर डेंगू से बचा जा सकता है। हमारा प्रयास यह हो कि सतर्कता और जागरूकता से ही डेंगू से बचाव हो और इलाज की नौबत ही न आए।

### जिला चिकित्सालयों में डेंगू रोगियों के लिए 10 बिस्तर का वार्ड

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि नगरीय निकाय, आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता लारवा सर्वे और फॉगिंग के कार्य को सघनता पूर्वक संचालित करें। प्लेटलेट जांच के लिए किट की पर्याप्त व्यवस्था हो। बैठक में जानकारी दी गई कि सभी शासकीय चिकित्सालयों में बुखार के रोगियों के लिए फीवर क्लीनिक का संचालन किया जा रहा है। डेंगू के रोगियों के उपचार के लिए सभी जिला चिकित्सालयों में 10 बिस्तर का आइसोलेशन वार्ड भी संचालित किया जा रहा है।

राजएक्सप्रेस
11-9-2021

एक ही दिन में रिकॉर्ड

# 101 यूनिट ब्लड एवं प्लेटलेट्स मरीजों को उपलब्ध करवाया

रतलाम » दबंग रिपोर्टर

जिले में बढ़ रहे डेंगू के प्रकोप से प्रतिदिन डेंगू के मरीजों के लिए प्लेटलेट्स की मांग बढ़ती जा रही है। जिसकी पूर्ति मानव सेवा समिति द्वारा प्रतिदिन की जा रही है।

विगत सप्ताह में भी सभी के साथ और सहयोग से संस्था मानव सेवा समिति से 101 यूनिट गई। पीड़ित मानव का जीवन बचाने में मानव सेवा समिति के माध्यम से दी गई। मानव सेवा समिति के अध्यक्ष मोहनलाल मुरलीवाला ने बताया कि वर्तमान स्थिति को देखते हुए मानव सेवा समिति के सभी सदस्य एवं स्टाफ तथा टेक्नीशियन डेंगू मरीजों को प्लेटलेट्स उपलब्ध कराने हेतु दिन रात अपनी सेवाएं दे रहें है।

मोहनलाल मुरलीवाला ने मानव सेवा समिति के माध्यम से रतलाम जिले के रक्तदाता साथियों से आग्रह किया है के वर्तमान में रक्तदान शिविर का आयोजन ना कर आवश्यकतानुसार मानव सेवा समिति में आकर रक्तदान करें क्योंकि डेंगू के मरीजों को प्लेटलेट्स उपलब्ध कराने के लिए प्रतिदिन अलग अलग रक्त ग्रुप की आवश्यकता होती है।

## आज से घर-घर होगा वैक्सीन का सर्वे

बाजना। मांगलिक भवन में शत-प्रतिशत कोरोना टीकाकरण को लेकर सहायक आयुक्त मनीषा बास्कले द्वारा शिक्षकों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, पटवारी,सचिवो की बैठक में 11 सितम्बर से ग्राम स्तर पर सर्वे कर के वैक्सीन से वंचित ग्रामीणों का वैक्सीनेशन करवाने के निर्देश दिए। सहायक आयुक्त ने कहा जिस व्यक्ति की उम्र 18 वर्ष (2003 का जन्म) है उनका भी टीकाकरण हो यह सुनिश्चित करें। बैठक में तहसीलदार बीएस ठाकुर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी केके गुप्ता, बीएमओ जितेंद जायसवाल ने भी सर्वे कार्य को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में बाजना व रावटी परिक्षेत्र के अधिकारी व खंड पंचायत अधिकारी बेनेदिक डामर, नाथूलाल हारी, वदी देवदा के साथ अधीनस्थ कर्मचारी उपस्थित रहे।

इ.बज इंडिया
11-9-2021

# एक ही दिन में रिकॉर्ड 101 यूनिट ब्लड एवं प्लेटलेट्स दी गई

रतलाम। जिले में बढ़ रहे डेंगू के प्रकोप से प्रतिदिन डेंगू के मरीजों के लिए प्लेटलेट्स की मांग बढ़ती जा रही है। जिसकी पूर्ति मानव सेवा समिति द्वारा प्रतिदिन निरंतर की जा रही है। विगत सप्ताह में भी सभी के साथ और सहयोग से संस्था मानव सेवा समिति से 101 यूनिट गई पीड़ित मानव का जीवन बचाने में मानव सेवा समिति के माध्यम से दी गयी। मानव सेवा समिति के अध्यक्ष मोहनलाल मुरलीवाला ने बताया की वर्तमान स्थिति को देखते हुए मानव सेवा समिति के सभी सदस्य एवं स्टाफ तथा टेक्नीशियन डेंगू मरीजों को प्लेटलेट्स उपलब्ध कराने हेतु दिन रात अपनी सेवाएं दे रहें है। मोहनलाल मुरलीवाला ने मानव सेवा समिति के माध्यम से रतलाम जिले के रक्तदाता साथियों से आग्रह किया है के वर्तमान में रक्तदान शिविर का आयोजन ना कर आवश्यकतानुसार मानव सेवा समिति में आकर रक्तदान करें क्योंकि डेंगू के मरीजों को प्लेटलेट्स उपलब्ध कराने के लिए प्रतिदिन अलग अलग रक्त ग्रुप की आवश्यकता होती है। साथ ही उन्होंने यह भी निवेदन किया है कि हमारे परिवार में या आसपास कही भी किसी को वायरल हो तो तुरंत डेंगू की जांच करवाएं एवं अपने आप को सुरक्षित रखें। उक्त जानकारी संस्था के अध्यक्ष मोहनलाल मुरलीवाला द्वारा दी गयी।

इन्दौर समाचार
11-9-21

**अधूरा निर्माण** • दो साल बीतने के बाद भी 25 किलोमीटर सड़क का काम पूरा नहीं

# सागोद-उमर-रावटी टू लेन का टेंडर निरस्त किया जाए

भास्कर संवाददाता | रतलाम

सागोद-उमर-रावटी पहुंच मार्ग अधूरा होने के कारण क्षेत्र से गुजरने वाले किसानों व राहगीरों को परेशानी हो रही है। 60 करोड़ रुपए की टू लेन सड़क का निर्माण होते हुए 2 साल से ज्यादा का समय हो गया है। जिस कंपनी ने टेंडर दिया यह निरस्त कर जल्द सड़क का निर्माण कार्य कर सके उसे दिया जाए।

यह मांग भारतीय किसान यूनियन (भारत) व समग्र अनुसूचित जनजाति संघ ने कलेक्टर के नाम का जिला प्रशासन को दिए ज्ञापन के माध्यम से की। ज्ञापन में बताया कि लगभग 25 किमी मार्ग की सड़क के निर्माण का टेंडर भोपाल की आर्यव्रत कंपनी ने लिया था। जिसमें एक साल में सड़क का मार्ग पूरा करने की बात कही गई थी। कंपनी द्वारा काम में लेटलतीफी के साथ लापरवाही बरती जा रही है। मार्ग में आने वाले सभी गांवों के रहवासी परेशान हो रहे हैं। ज्ञापन सौंपते समय भारतीय किसान यूनियन (भारत) के जिलाध्यक्ष सतपाल जाट चौधरी, महिला अध्यक्ष रानी देवदा, समग्र अनुसूचित जनजाति संघ जिलाध्यक्ष बाबूलाल मालवीय, राजपुरा ग्राम प्रधान राजीव देवदा, कुआंझागर ग्राम प्रधान अजय निनामा, किसान नेता राजेश पुरोहित, समरथ पाटीदार, शेरू पठान, ध्यानवीर डाबर, श्याम मईड़ा, प्रभु, मगन, कालु, मुन्ना सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।



ज्ञापन का वाचन करते हुए राजपुरा के ग्राम प्रधान राजीव देवदा।

भास्कर

भास्कर
11-9-2021

**कोरोना से जंग :** तकनीकी समूह की बैठक में होगा विचार

# 18 साल से कम आयु वालों के लिए सरकारी टीकाकरण जल्द

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

- सुरक्षा को लेकर संतुष्ट होने के साथ ही शुरू हो जाएगी कवायद
- केंद्र ने कहा : 18 वर्ष तक के आयु वर्ग के टीकाकरण के लिए राज्य सरकारें हो जाएं तैयार

**नई दिल्ली.** 18 साल से कम उम्र के लोगों के लिए भी सरकारी टीकाकरण जल्दी ही शुरू हो सकता है। इस संबंध में हो रहे अलग-अलग ट्रायल के पर्याप्त आंकड़े सामने आए हैं। अब इन आंकड़ों के आधार पर यह तय किया जाना है कि किस उम्र के बच्चों को प्राथमिकता दी जाए। इसके तुरंत बाद केंद्र सरकार इसे मौजूदा कोरोना टीकाकरण कार्यक्रम में शामिल कर सकती है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, अगले हफ्ते टीकाकरण पर राष्ट्रीय तकनीकी सलाहकार समूह की बैठक में 18 साल से कम आयु वर्ग के लिए टीकों को राष्ट्रीय कार्यक्रम में शामिल करने के संबंध में फैसला हो सकता है। इसके दुनिया के विभिन्न देशों के आंकड़े उपलब्ध हो चुके हैं। बाल रोग विशेषज्ञों ने अपना अध्ययन एनटीएजीआइ को सौंप दिया है। अब यह समूह तय करेगा कि क्या सरकारी कार्यक्रम में बच्चों को शामिल किया जा सकता है।

युवाओं का टीकाकरण



नई दिल्ली में एक बच्चे का कोविड-19 जांच के लिए सैम्पल लेती महिला नर्सिंगकर्मी।

### बीमार बच्चों को मिलेगी प्राथमिकता

**सरकारी** कार्यक्रम के पहले चरण में गंभीर बीमार या लाइलाज बीमार बच्चों को प्राथमिकता दी जाएंगी। टीकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित किए जाने तक ये सभी बच्चों के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। पत्रिका

### तीसरी लहर से निबटेंगे भाजपा के 7 लाख वॉलंटियर

**नई दिल्ली.** कोरोना की तीसरी लहर की आशंका के मद्देनजर भाजपा ने करीब सात लाख वॉलंटियर तैयार किए हैं। ये लोगों को संक्रमण से बचाने व तेजी से टीकाकरण में मदद करेंगे। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बताया, जुलाई में पार्टी ने संकल्प लिया था कि दो लाख गांवों में चार लाख लोगों को प्रशिक्षित करेंगे। सिर्फ 43 दिन में 6.88 लाख लोगों को प्रशिक्षित कर दिया गया है। अब हमारा लक्ष्य 8 लाख लोगों को प्रशिक्षित करना है।

### स्कूल भेजने के लिए जरूरी नहीं टीका

**केंद्रीय** स्वास्थ्य मंत्रालय ने राज्यों को बच्चों को टीके लगाने को लेकर तैयार रहने को कहा है। स्कूल खोलने की प्रक्रिया को बच्चों के टीकाकरण से नहीं जोड़ा जाना चाहिए। बच्चों को टीके लगाने से पहले भी स्कूल भेजा जा सकता है। हालांकि शिक्षकों और दूसरे स्कूल स्टाफ को टीका लगाना जरूर सुनिश्चित करना चाहिए।

जायडस कंपनी के बच्चों के टीके को केंद्रीय नियामक पिछले महीने ही इजाजत दे चुका है। अगले महीने तक यह टीका उपलब्ध हो सकता है। अभी बच्चों के टीकाकरण को लेकर विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) की ओर से भी कोई स्पष्ट सलाह नहीं आई है।

पत्रिका
11-9-2021

# जाम नालियों की सफाई, दवा भी छिड़की

## स्वच्छता की बात : शहर के वार्डों में सफाई अमला दिन भर जुटा रहा

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। शहर के आंतरिक मार्गों, गली, मोहल्लों में नालियां जमा होने व गंदगी सड़क पर फैलने को लेकर नगर निगम का अमला शुक्रवार को दिन भर सफाई में जुटा रहा। नालियों से गाद, कचरा निकालने के बाद कीटनाशक छिड़काव भी किया गया। इसके साथ ही प्रमुख मार्गों पर भी सफाई चलती रही।

शहर में गंदगी से लोगों को होने वाली परेशानियों को लेकर नईदुनिया द्वारा लगातार खबरें प्रकाशित की थी। इसके चलते नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने मोहल्लों में नालियों की सफाई विशेष तौर पर कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण में भी कसावट की जा रही है। स्वच्छता विभाग प्रभारी, वार्ड दरोगाओं से भी सफाई के बाद के फोटो वाट्सएप पर मंगवाए जा रहे हैं।

**नईदुनिया खबर का असर**

### खेतलपुर व करमदी एसटीपी का ट्रायल सफल

सीवेरेज सिस्टम के प्रोजेक्ट में करमदी व खेतलपुर में बनाए गए सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) तैयार हो चुके हैं। निगमायुक्त ने बताया कि खेतलपुर स्थित 16 एमएमडी के एसटीपी का ट्रायल 45 दिन से सफलतापूर्वक चल रहा है।

यहां पानी साफ किया जा रहा है। इसके साथ ही करमदी में बने 21.5 एमएलडी क्षमता के एसटीपी का ट्रायल शुक्रवार से शुरू किया गया। पहले दिन प्लांट सफलतापूर्वक चलता। ट्रायल आगे भी जारी रहेगा।



स्टेशन रोड पर नाली की सफाई करते हुए निगम कर्मचारी।

नईदुनिया 11/9/21

## नो पार्किंग में वाहन खड़े करने पर जुर्माना वसूला

**रतलाम।** नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार शुक्रवार को राम मंदिर व चांदनी चौक क्षेत्र में नो पार्किंग में वाहन खड़ा करने पर अर्जुन-गोपाल यादव, यशवंत-गोपाल पांचाल, अक्षत-महेश राठौर, छबीनाथ-गंगाराम, नवीन-अखिलेश अग्रवाल, राकेश-रतनलाल, अलिशा-अग्यार, मिसेस राव-मंजले राव, रामहित-धन्नालाल प्रजापति व पवन-राजकुमार यादव से 200-200 रुपये का जुर्माना वसूला गया। सभी को भविष्य में नो पार्किंग में वाहन खड़ा नहीं करने की समझाइश भी दी गई।

### एक मीट्रिक टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया

**रतलाम।** नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से घर-घर से पृथक-पृथक एकत्रित किया जा रहे गीले-सूखे कचरे, सड़कों व नाले-नालियों की सफाई के दौरान निकलने वाले कचरे का प्रतिदिन वजन कर जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया जा रहा है। इसके तहत शुक्रवार को एक मीट्रिक टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया गया। डंपर व ट्रैक्टर-ट्राली से 60430, काम्पेक्टर सूखा कचरा 24890, काम्पेक्टर गीला कचरा 16950 कुल 102180 किलो कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया गया।

नईदुनिया 11/9/21

## प्रताप चौक से लोकेंद्र भवन तक आज हटाएंगे अतिक्रमण

**रतलाम।** निगम एक्ट के विरुद्ध नगरीय सीमा क्षेत्र में संचालित भैंसों के तबेले व बाड़े हटाने के अभियान के तहत दी गई समय सीमा समाप्त होने के बाद नगर निगम द्वारा तबेले एवं बाड़े तोड़ने की कार्रवाई शनिवार को की जाएगी। निगमायुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि तबेले हटाने के साथ ही महाराणा प्रताप चौक से लोकेंद्र भवन तक के कच्चे व पक्के अतिक्रमण शनिवार को तोड़े जाएंगे। इसके साथ ही संबंधितों से 15 हजार रुपये प्रति घंटे के मान से तोड़ने की राशि वसूल की जाएगी। नगर निगम द्वारा अब तक शहरी क्षेत्र से कुल 26 तबेलों को हटाया गया है। यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।

**निगम में आज नहीं लगेगा जन शिकायत निवारण शिविर:** कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा नागरिकों की नगर निगम से संबंधित शिकायतें सुनने एवं शिकायतों के निराकरण के लिए निगम सभागार में जन शिकायत निवारण शिविर का आयोजन शनिवार को नहीं होगा।

नईदुनिया 11/9/21

## आज हटेंगे कच्चे और पक्के अतिक्रमण

**रतलाम।** शहर को साफ-स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए नगर निगम एक्ट के विरुद्ध नगरीय सीमा क्षेत्र में संचालित भैंसों के तबेले व बाड़े हटाने के अभियान के तहत तबेले संचालकों को अपने तबेले स्वयं तोड़ने की समय सीमा समाप्त होने के बाद कार्रवाई शुरू कर दी गई है। आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार शेष बचे तबेले व बाड़े तथा महाराणा प्रताप चौक से लोकेंद्र भवन तक के कच्चे व पक्के अतिक्रमण शनिवार को तोड़े जाएंगे। साथ ही संबंधितों से 15 हजार रुपये प्रति घंटे के मान से तोड़ने की राशि वसूल की जाएगी। नगर निगम द्वारा अब तक शहरी क्षेत्र से कुल 26 तबेलों को हटाया जा चुका है। अभियान निरंतर जारी रहेगा।

### प्रधानमंत्री के जन्म-दिवस के उपलक्ष्य में 17 सितम्बर से 7 अक्टूबर तक होंगे कार्यक्रम

# 20 वर्षों के सुशासन और कल्याणकारी कार्यों के लिए दी जाएगी आदरांजलि: शिवराज सिंह



**समय जगत, भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्म- दिवस 17 सितम्बर को है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में पहली बार 7 अक्टूबर 2001 को शपथ ली थी। प्रधानमंत्री श्री मोदी के 71वें जन्म-दिवस और गुजरात के मुख्यमंत्री तथा देश के प्रधानमंत्री के रूप में कार्य करते हुए सुशासन देने के लगातर सफल 20 वर्ष पूर्ण करने पर राज्य सरकार विकास कार्यों और कल्याणकारी कार्यक्रमों की शुरूआत करेगी। प्रदेश में 17 सितंबर से 7 अक्टूबर की अवधि में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन होगा। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री श्री मोदी को विनम्र आदरांजलि होंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान कार्यक्रमों की तैयारी के संबंध में मंत्रालय में आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में प्रधानमंत्री श्री मोदी के जन्म-दिवस 17 सितंबर को वृक्षारोपण और वैक्सीनेशन महाअभियान का संचालन होगा। स्वास्थ्य, महिला-बाल विकास, पर्यावरण, किसान-कल्याण, ऊर्जा, शिक्षा, नगरीय प्रशासन, औद्योगिक विकास, ग्रामीण विकास, जल जीवन मिशन और प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना से जु?ी विभिन्न गतिविधियां इस अवधि में संचालित की जाएंगी। प्रदेश के गरीबों, महिलाओं, बच्चों, पिछड़ों, मजदूरों, अनुसूचित जाति और जनजाति के कल्याण और विकास के लिए कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे।

## 71 उद्योगों और 71 लघु उद्योगों के लिए भूमि आवंटन

प्रदेश में 71 उद्योगों और 71 सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों को भूमि आवंटन का एलओआई प्रदान किया जाएगा। प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना के अंतर्गत 71 हजार लोगों को स्वामित्व पट्ट वितरित किया जाएगा। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेंद्र सिंह, कृषि एवं किसान-कल्याण मंत्री कमल पटेल, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री ओमप्रकाश सकलेचा, औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन मंत्री राजवर्द्धन सिंह, स्कूल शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार इंदर सिंह परमार, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री रामखेलावन पटेल, मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस और विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। ऊर्जा मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर, नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा तथा पर्यावरण मंत्री हरदीप सिंह डंग वर्चुअली सम्मिलित हुए।

### 71 हजार छात्रों द्वारा 71 हजार पौधों का होगा रोपण

बैठक में जानकारी दी गई कि प्रदेश के 71 हजार विद्यालयों मे 71 हजार छात्रों द्वारा 71 हजार पौधों का रोपण होगा। अंकुर अभियान में इन सभी पौधों की फोटो एक माह बाद अपलोड़ की जाएगी। वन विभाग द्वारा 63 क्षेत्रीय वन मंडलों और 8 वन विद्यालयों इस प्रकार 71 स्थानों पर वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम किए जाएंगे। किसान-कल्याण के अंतर्गत 71 बीज ग्रामों का शुभारंभ, 71 कृषक उत्पादक संगठनों का गठन और कृषि अधोसंरचना निधि के 71 प्रकरणों में राशि का वितरण किया जाएगा।

### 71 हजार लाड़ली लक्ष्मी को होगा छात्रवृत्ति का भुगतान

प्रदेश की 71 हजार लाड़ली लक्ष्मी को छात्रवृत्ति का भुगतान और मातृ वंदना योजना के 7100 हितग्राहियों को राशि का भुगतान किया जाएगा। कुपोषित से सामान्य श्रेणी में आये 7100 बच्चों की माताओं को पोषण अधिकार सूचना-पत्र प्रदान किए जाएंगे। प्रदेश में 71 आँगनवा?ी, 7100 वाटिकाओं और 71 विद्यालय भवनों का लोकार्पण एवं 71 बालिका छात्रावासों का भूमि-पूजन भी इस अवधि में होगा। महिला सशक्तिकरण के अंतर्गत 7100 महिला स्व-सहायता समूहों को क्रेडिट लिंकेज सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

### 71 हजार आवासों में होगा गृह प्रवेश

विकास गतिविधियों के अंतर्गत 71 विद्युत उप केंद्रों का भूमि-पूजन, नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा विभिन्न नगरीय निकायों में 71 विकास कार्यों का लोकार्पण/भूमि-पूजन सम्पन्न किया जाएगा। ग्रामीण विकास विभाग द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निर्मित 71 हजार आवासों में गृह प्रवेश कराया जाएगा। साथ ही 710 पंचायत भवनों की शुरूआत होगी। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 71 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और 71 उप प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का भूमि-पूजन होगा। जल जीवन मिशन के अंतर्गत 71 योजनाओं का भूमि-पूजन होगा।

समय जगत

समय जगत 11-9-2021

# घर-घर टीकाकरण अभियान में सहयोग करें : गोविंद काकानी



रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क

जिला आपदा प्रबंधन समिति टीकाकरण अभियान बैठक में केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार के मार्गदर्शन में सभी सम्मानीय जनप्रतिनिधि एवं प्रशासन अधिकारीयो ने संयुक्त निर्णय में कोई भी व्यक्ति ना छूटे इस हेतु वंचित रहे असहाय नागरिकों को घर घर जाकर टीकाकरण अभियान विगत कई दिनों से शुरू किया है। इसी अभियान के तहत स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, असहाय, वृद्धजन, बीमार रोगियों, पति की मृत्यु के कारण घर से नहीं निकलने वाली महिलाएं सहित वे नागरिक जो टीकाकरण केंद्र तक नहीं पहुंच सकते हैं टीकाकरण किया जा रहा है। जिला टीकाकरण प्रभारी एवं पूर्व क्षेत्रीय पार्षद शास्त्री नगर गोविंद काकानी ने जानकारी देते हुए बताया कि देवेंद्र कपूर उम्र 55 वर्ष दिव्यांग एवं श्रीमती संतोष खन्ना उम्र 77 वर्ष निवासी राजपूत बोर्डिंग को प्रेरित कर प्रथम टीकाकरण करवाया गया। टीकाकरण करने टीकाकरण प्रभारी लोकेश वैष्णव, स्टाफ नर्स आरती राठौर को लेकर उनके घर गए और टीकाकरण कराया। काकानी ने बताया कि अब तक ऐसे 200 से %यादा नागरिकों को प्रशासन एवं टीम के सहयोग से घर जाकर टीका लगाया जा चुका है। जिला टीकाकरण प्रभारी गोविंद काकानी ने जिले के सभी नागरिकों से निवेदन किया है। शीघ्र पहला टीकाकरण करवा कर जिले को शत-प्रतिशत श्रेणी में जल्द से जल्द लाना है। अपने अड़ोस पड़ोस में कोई भी नागरिक टीकाकरण से वंचित है उसकी जानकारी 1075 मोबाइल पर संपर्क कर अवगत कराएं या मेरे मोबाइल नंबर 93293 10044 पर मैसेज कर देवें। जिससे उन्हें घर जाकर टीकाकरण करवाने में मदद मिल सकेगी। जिनका कोवी शिल्ड का पहला टीकाकरण हुए 84 दिन हो गए हैं वे नागरिक भी टीकाकरण केंद्र पहुंचकर दूसरा टीकाकरण करा कर कोरोना बीमारी से बचने में सहयोग प्रदान करें।

[illegible]

11-9-2021

मोहल्ले गंदगी से पटे, सफाई के नाम पर हो रही रस्म अदायगी

# शहर में बढ़ रहा डेंगू, अधिकारी बैंठकों में हल कर रहे बीमारी

पत्रिका करंट इश्यू



## मलेरिया अधिकारी की उपस्थिति में डेंगू से निपटने के लिए बैठक

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. शहर में कोरोना के बाद डेंगू ने पैर पसार लिए है। घर घर में बुखार के मरीज सामने आ रहे है। बजाए स्वच्छता के ध्यान देने के नगर निगम के अधिकारी बैठकों में रहकर बीमारी से निपटने के समाधान खोज रहे है। शहर में स्वच्छता पटरी से उतर गई है, गलियां गंदगी से भरी हुई है, लेकिन इसको साफ करने पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। शुक्रवार को मलेरिया अधिकारी की उपस्थिति में डेंगू से निपटने के लिए बैठक हुई है।

इसी सप्ताह नगर निगम ने शहर में डेंगू के मच्छरों पर नियंत्रण के लिए फागिंग मशीन की शुरुआत की थी। दावा यह किया गया था कि प्रतिदिन शहर के चारों झोन में कुल पांच मशीने जाकर दवाओं के छिड़काव का काम करेगी। दो दिन तक यह व्यवस्था बेहतर चली, इसके बाद अब कभी सुबह तो कभी शाम को रस्म अदायगी के लिए इस कार्य को किया जा रहा है। सबसे अधिक समस्या शहर के अल्पसंख्यक मोहल्लों से लेकर प्रमुख बाजार क्षेत्र में हो रही है। गंदगी से भरे हुए इन क्षेत्र में सफाई का अभाव साफ देखा जा सकता है।

### डेंगू मुक्त करके रहेंगे

जिस तरह से कोरोना के दौरान सभी ने मिलकर काम किया है, उसी तरह डेंगू से भी लड़ा जाएगा। इसके लिए सभी को मिलकर सख्ती के साथ काम करने को कहा गया है। - सोमनाथ झारिया, आयुक्त नगर निगम

पत्रिका
11-9-2021

# बाल चिकित्सालय को मिला सुंदर स्वरूप, अब 63 ऑक्सीजन बेड

## कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने किया निरीक्षण

पीपुल्स संवाददाता • रतलाम
मो.नं. 9826486291



शासकीय बाल चिकित्सालय अब सुंदर स्वरूप में नजर आने लगा है। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देश पर बाल चिकित्सालय में विभिन्न कार्य कर इसे सर्वविधायुक्त बनाया गया है। अब चिकित्सालय में बच्चों के लिए 63 ऑक्सीजन बेड की सुविधा उपलब्ध है जो पूर्व में मात्र 10 बेड की थी।

कलेक्टर ने गुरुवार प्रातः बाल चिकित्सालय का निरीक्षण किया व कई कार्यों के लिए दिशा-निर्देश डिप्टी कलेक्टर शिराली जैन तथा सिविल सर्जन डॉ. चंदिलकर को दिए। चिकित्सालय में बिस्तरों पर मैट्रेस कवर लगाए जाएंगे, कई स्थानों पर पेंट करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि बाल चिकित्सालय में भी ऑक्सीजन प्लांट स्थापित करने की योजना पर कार्य किया जाएगा। बाल चिकित्सालय में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा व्यक्तिगत रूचि लेते हुए आमूलचूल रूप से विकास कार्य करवाए जाकर नया स्वरूप दिया गया है। प्लान के मुताबिक चिकित्सालय के कार्यों को शीघ्र अति शीघ्र पूर्ण कराने के लिए कलेक्टर द्वारा डिप्टी कलेक्टर सुश्री शिराली जैन को तैनात किया गया जिनके द्वारा कार्यों की सतत मॉनिटरिंग की गई। बाल चिकित्सालय में पूरा ड्रेनेज सिस्टम नए सिरे से निर्मित किया गया है। पहले जहां मात्र 10 बेड ऑक्सीजन के थे वहीं अब इनकी संख्या बढ़कर 63 कर दी गई है। ऑक्सीजन के लिए सेंट्रल लाइन बिछाई गई है, छतों पर वाटर प्रूफिंग की गई है तथा नए बेड मुहैया कराए गए। पीपुल्स

पीपुल्स
11-9-2021

## रोजगार मेले में 108 उम्मीदवारों का प्रारंभिक चयन

रतलाम। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशन में शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में.10 सितम्बर को रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले में 117 आवेदनों का पंजीयन किया गया। मेले में 9 कंपनियां सम्मिलित हुईं जिन्होंने 108 उम्मीदवारों का प्रारंभिक चयन किया। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था के प्राचार्य यूपी अहिरवार ने बताया कि 10 सितम्बर को को सुजुकी मोटर्स प्रा. लिमि. गुजरात द्वारा प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया, जिसमे 80 प्रतिभागी शामिल हुए इनमें से 65 प्रतिभागी कैंपस के लिए पात्र पाए गए जिसमें से 50 प्रतिभागियों को प्रारंभिक रूप से चयनित किया गया। श्री अहिरवार ने बताया कि 14 सितम्बर को भूच गुजरात द्वारा रतलाम में प्लेससमेंट ड्राइव का आयोजन होगा ।

## जुर्गों और असमर्थ लोगों को वैक्सीन की घर पहुंच सेवा

रतलाम। शहर में 100 प्रतिशत वैक्सीनेशन सुनिश्चित करने के लिए वैक्सीन लगाने से शेष रह गए हितग्राहियों को सर्च कर उन्हें वैक्सीन लगवाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। शहर में बुजुर्गों और शारीरिक रूप से असमर्थ लोगों को घर पहुंच वैक्सीन लगाने की सुविधा भी दी गई है। जिसमें समाजसेवी और स्वास्थ विभाग के कार्यकर्ता में बुजुर्गों और शारीरिक रूप से असमर्थ लोगों के लिए कोरोना वैक्सीन लगाने की घर पहुंच सेवा में सहयोग कर रहे हैं। समाजसेवी गोविंद काकानी ने बताया कि रतलाम में प्रत्येक वार्ड में घर-घर दस्तक देकर वैक्सीन लगवाने से शेष रह गए लोगों की जानकारी जुटाई जा रही है। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी राजमल चोरड़िया को भी स्वास्थ्य विभाग की टीम ने घर पहुंच कर कोरोना वैक्सीन लगाया है। टोल फ्री नंबर 1075 पर कॉल करने पर घर जाकर टीका लगा रही वैक्सीनेशन टीम बुजुर्गों और असमर्थ लोगों को वैक्सीन की घर पहुंच सेवा दी जा रही हैं।

नवभारत

नवभारत
11-9-2021

## रतलाम रोजगार मेले में 108 उम्मीदवारों का प्रारंभिक चयन

रतलाम। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशन में शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में 10 सितम्बर को रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले में 117 आवेदनों का पंजीयन किया गया। मेले में 9 कंपनियां सम्मिलित हुईं जिन्होंने 108 उम्मीदवारों का प्रारंभिक चयन किया। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था के प्राचार्य यू.पी. अहिरवार ने बताया कि 10 सितम्बर को को सुजुकी मोटर्स प्रा. लिमि. गुजरात द्वारा प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया, जिसमे 80 प्रतिभागी शामिल हुए इनमें से 65 प्रतिभागी कैंपस के लिए पात्र पाए गए जिसमें से 50 प्रतिभागियों को प्रारंभिक रूप से चयनित किया गया। अहिरवार ने बताया कि 14 सितम्बर को भड़ूच गुजरात द्वारा रतलाम में प्लेससमेंट ड्राइव का आयोजन होगा जिसमें 10वीं, 12 वीं उत्तीर्ण और एक वर्षीय आईटीआई उत्तीर्ण अभ्यर्थी सम्मिलित होंगे।

इन्दौर समाचार
11-9-21

## गड़बड़ सहन नहीं-कलेक्टर

रतलाम, नप्र। नल जल योजनाओं में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। कोई भी गड़बड़ सहन नहीं की जाएगी। यह बात कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने कही। जिले में संचालित जल जीवन मिशन में हर घर में नल से जल पहुंचाने के लिए नल जल योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने सभी पीएचई एसडीओ से पूछा कि वे पूरी हो चुकी योजनाओं की गुणवत्ता से संतुष्ट हैं अथवा नहीं।

### पहले टीका का लक्ष्य पूरा करेंगे

*प्र. मी.*

रतलाम, नप्र। कोविड वैक्सीनेशन अभियान के तहत आगामी शनिवार को रतलाम ग्रामीण तथा शहर को फोकस किया जाएगा। शत-प्रतिशत रूप से वैक्सीन का फर्स्ट डोज कम्पलीट कर लिया जाएगा।

*प्र० किरण*
*11-9-21*

# 108 केंद्रों पर टीका आज, जो छूटे उनका नाम बीएलओ बताएंगे

## अब जिले को शत-प्रतिशत वैक्सीनेटेड करेंगे

भास्कर संवाददाता | रतलाम

हमारे जिले को 100 प्रतिशत वैक्सीनेटेड करने की तैयारी हो रही है। जिले में शनिवार को 108 स्थानों पर वैक्सीनेशन किया जाएगा। पूरा फोकस रतलाम ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में रखा गया है ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को वैक्सीनेटेड किया जा सके। इधर, जो मतदाता छूटे हैं, उनकी जानकारी भी एकत्र की जाएगी ताकि वैक्सीन ना लगवाने वालों का कारण भी पता रहे।

शनिवार को रतलाम शहर में एमसीएच भवन जिला अस्पताल और आईएमए हॉल में वैक्सीनेशन होगा। इसके अलावा रतलाम ग्रामीण में 83 स्थानों पर वैक्सीनेशन साइट बनाई गई है ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को वैक्सीनेटेड किया जा सके।

### जिले में अब तक 82.40 प्रतिशत टीकाकरण

जिले में 82.40 प्रतिशत टीकाकरण हो चुका है। ये सभी वर्गों को मिलाकर है। सबसे ज्यादा रतलाम शहर में 93 प्रतिशत लोगों को वैक्सीन लगी है। इसके बाद जावरा में 90.53 प्रतिशत लोग वैक्सीन लगवा चुके हैं। आलोट में 87.04 प्रतिशत लोगों का टीकाकरण हो गया है। रतलाम शहर और रतलाम ग्रामीण को जल्द से जल्द 100 प्रतिशत वैक्सीनेटेड करने की तैयारी है। *भास्कर*

*भास्कर*
*11-9-2021*

# स्थाईकर्मियों को चतुर्थ श्रेणी के पदों पर करेंगे नियमित जीएडी ने मांगी जानकारी

भोपाल | दैनिक वेतन भोगी से स्थाईकर्मी बनाए गए प्रदेश के नॉन रेगुलर कैडर के कर्मचारियों को चतुर्थ श्रेणी के पदों पर नियमित किया जाएगा। इसके लिए सामान्य प्रशासन विभाग ने विभिन्न विभागों और सभी कलेक्टर को फॉर्मेट भेजकर 6 बिंदुओं में जानकारी मांगी है। जीएडी द्वारा जारी किए गए निर्देश में 7 अक्टूबर 2016 को जारी सर्कुलर का हवाला दिया गया है। कर्मचारी कल्याण समिति के पूर्व चेयरमैन रमेशचंद शर्मा ने बताया कि इस सर्कुलर के बिंदु क्रमांक 2 के आधार पर स्थाईकर्मियों को प्राथमिकता के आधार पर चतुर्थ श्रेणी के पदों पर नियुक्ति देने की योजना बनाई गई है। मध्यप्रदेश कर्मचारी मंच, स्थाई कर्मी कल्याण संघ, दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी महासंघ सहित अन्य संगठनों ने सरकार से मांग की थी। मंच ने 2 दिन पहले इस मांग को लेकर आंदोलन की घोषणा भी की थी। अध्यक्ष अशोक पांडे के मुताबिक स्थाईकर्मियों को नियमित करने की मांग का ज्ञापन सीएम को दिया था।

दै. भास्कर
11-9-2021

# कार्यप्रणाली में सुधार करें, सक्रियता से करें काम, कलेक्टर ने दिए खाद्य एवं औषधि निरीक्षकों को निर्देश

रतलाम । आप लोगों का जिले में काम कुछ नजर नहीं आ रहा है। रक्षाबंधन के दौरान भी नमूने लेने के लिए कुछ विशेष कार्य नहीं किया गया। अपनी कार्यप्रणाली में सुधार करें, सक्रियता से कार्य करें। उक्त निर्देश कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने जिले के खाद्य एवं औषधि प्रशासन निरीक्षकों को दिए। कलेक्टर ने अन्य विभागों की भी समीक्षा की।

आमजन के कार्य सक्रियता के साथ करने के निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती मीनाक्षीसिंह, जिला वन मंडलाधिकारी श्री डूडवे, अपर कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े, एसडीएम श्री एम.एल. आर्य, श्री अभिषेक गहलोत, निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने खाद्य एवं औषधि निरीक्षकों को निर्देश दिए कि वे खाद्य सामग्री के नमूने लेने के कार्य में तेजी लाएं।

कलेक्टर द्वारा इस सप्ताह भी समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में आयुष्मान कार्ड बनाने की सघन समीक्षा की गई। रतलाम शहर में धीमी प्रगति पर प्रसन्नता व्यक्त की। एसडीएम तथा निगमायुक्त को तेजी लाने के निर्देश दिए। जनपद पंचायतों में प्रतिदिन 1000 कार्ड तथा नगरीय निकायों में प्रतिदिन 500 कार्ड बनाने के निर्देश दिए। जिला चिकित्सालय सिविल सर्जन डॉक्टर आनंद चंदेलकर ने बताया कि चिकित्सालय की ओपीडी में 162 आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं। पात्र हितग्राहियों के आधार कार्ड उपलब्ध नहीं होने से आधार लाकर कार्ड बनवाने हेतु कहा गया है। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि ओपीडी में आयुष्मान कार्ड बनाने की सूचना देने वाला बोर्ड लगाएं। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों की विभागवार समीक्षा कलेक्टर द्वारा की गई। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विद्युत वितरण कंपनी को लंबित शिकायतों का निराकरण कर 90-90 अंक लाने के निर्देश दिए। इसी प्रकार राजस्व तथा खाद्य विभाग को 75-75 अंक लाने के निर्देश दिए। सीईओ जिला पंचायत को 85 अंक लाने के लिए निर्देशित किया। कलेक्टर ने यह सुनिश्चित करने को कहा कि जिले के किसी भी विभाग की रैंकिंग 20 से नीचे नहीं हो।

जिले में कराए गए वृक्षारोपण की भी समीक्षा की गई। बताया गया कि नगरीय निकायों में 28785 पौधों का रोपण किया गया है। एक जिला एक उत्पाद के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध बैंकों में प्रस्तुत तथा स्वीकृत प्रकरणों की समीक्षा की गई।

शुभ वन्दन - 2

शुभ वन्दन - 11-9-21

# मूसलधार बारिश का इंतजार, जलाशयों में जलस्तर नहीं बढ़ा

**रतलाम ● स्वदेश समाचार**

हालांकि जिले में बारिश का दौर शुरू हो चुका है, लेकिन मूसलधार बारिश न होने से अभी भी सामान्य औसत वर्षा का आंकड़ा अभी तक पार नहीं हो पाया है। अभी तक केवल 755 मि.मी. औसत वर्षा हुई है जबकि गत वर्ष 937 मिमी. वर्षा हो चुकी थी। 182 मि.मी. वर्षा कम हुई है। अभी भी जिले के जलाशयों में जलस्तर कम है, यदि मूसलधार बारिश होती है तो जलस्तर बढ़ेगा और आने वाले समय में जलापूर्ति हो सकेगी।

शुक्रवार प्रात: 8 बजे समाप्त 24 घंटों में 12.1 मि.मी. औसत वर्षा हुई, सबसे अधिक बारिश रावटी में 37.6, रतलाम में 15 मि.मी., ताल में 13, पिपलौदा में 10 मि.मी., आलोट में 5 मि.मी. जावरा में 7 मि.मी. तथा बाजना में 3 मि.मी.,सैलाना में 6 मि.मी. वर्षा हुई है।

अभी जिले के आठ विकासखंडों में से छह विकासखंडों में गत वर्ष इस अवधि की तुलना में कम बारिश हुई है, केवल जावरा में 107, ताल में 61.8 मि.मी. वर्षा अधिक हुई है। बाजना में जहां हर वर्ष अच्छी बारिश होती है गत वर्ष यहां 1171 मि.मी. वर्षा अभी तक हुई थी। वहीं इस बार 575 मि.मी. वर्षा ही हुई। गत वर्ष के आंकड़े के अनुसार आलोट में 37, पिपलौदा में 224, रतलाम 121, रावटी में 271 तथा सैलाना में 340 मि.मी. वर्षा कम हुई है।

जिले में अभी भी अधिकांश जलाशय खाली है, यदि मूसलधार बारिश होती है तो ही जलाशय भराएंगे, अन्यथा आने वाले समय में जलसंकट का सामना कई क्षेत्रों में करना पड़ेगा। लोगों का अनुमान है कि अभी भी अच्छी बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग भी लगातार भविष्यवाणी कर रहा है, इस क्षेत्र में अच्छी बारिश की। लेकिन इस बार मौसम विभाग की भविष्यवाणी भी सही साबित नहीं हो पा रही है। आसमान में घने बादल छाए रहने के बाद भी बरसते नहीं है, इसलिए बारिश अच्छी होगी इसका कोई अनुमान नहीं लगाया जा सकता।

स्वदेश

दै. स्वदेश
11-9-2021

## सीएम ने डेंगू व वैक्सीनेशन की समीक्षा कर कलेक्टरों की खिंचाई की

# प्रदेश के 7 जिलों में डेंगू के केस ज्यादा, 2232 मामले सामने आए

पीपुल्स ब्यूरो • भोपाल

मो.नं. 9425078939

प्रदेश में डेंगू के करीब 2,232 केस अस्पतालों में आए हैं। 7 जिलों में सबसे ज्यादा केस सामने आने के बाद शुक्रवार को सीएम शिवराज सिंह चौहान ने सीएम हाउस में समीक्षा की। खासकर भोपाल, जबलपुर, इंदौर, मंदसौर, रतलाम, आगर-मालवा व छिंदवाड़ा में डेंगू और चिकनगुनिया के मामले ज्यादा हैं। उधर, 17 जिलों में वैक्सीनेशन कम होने पर मुख्यमंत्री ने कलेक्टरों से इसका कारण पूछा।



सीएम ने वर्चुअल बैठक में अफसरों से कहा, सरकारी अस्पतालों में फीवर क्लीनिक तेजी से शुरू किए जाएं। सभी पात्र लोगों के टीकाकरण के लिए वोटर लिस्ट को आधार बनाया जाए। गांव तथा वॉर्डों से जो व्यक्ति रोजगार के सिलसिले में बाहर हैं उनको जानकारी दर्ज कर शेष सभी व्यक्तियों को वैक्सीन की प्रथम डोज लगाई जाए। सीएम ने डेंगू को लेकर कहा, ओपीडी में शीघ्र परीक्षण एवं डेंगू की जांच के लिए सुविधा की मॉनिटरिंग लगातार की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि 15 सितंबर को डेंगू के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जाएगा।

### विभिन्न जिलों के कलेक्टरों के अपने-अपने तर्क

- भोपाल कलेक्टर ने बताया कि शहर के 11 वॉर्डों में डेंगू के प्रकरण है। घरों में जल भराव मिलने पर जुर्माना भी किया जा रहा है।
- छिंदवाड़ा कलेक्टर ने बताया, पोला, तीजा आदि त्योहारों से टीकाकरण की गति प्रभावित हुई है।
- बैतूल कलेक्टर ने कहा, त्योहारों के साथ अधिक वर्षा ने टीकाकरण को प्रभावित किया है। डेंगू के कारण टीकाकरण को लंबित किया है।
- सतना कलेक्टर ने कहा कि टीके की डोज पर्याप्त है, पर सिरिंज कम मिल पाने के कारण टीकाकरण प्रभावित हुआ है।
- ग्वालियर-चंबल आदि के कलेक्टरों ने बाढ़ की वजह से टीकाकरण नहीं होने की बात रखी।
- मंडला कलेक्टर ने कहा, टीकाकरण अभियान को गति देने के लिए वन विभाग की टीमों को लगाया है। जल्द टारगेट पूरा हो जाएगा।

### इन जिलों में 70 फीसदी से कम वैक्सीनेशन

| | |
|---|---|
| ■ सतना | ■ कटनी |
| ■ श्योपुर | ■ बालाघाट |
| ■ धार | ■ छिंदवाड़ा |
| ■ रीवा | ■ शिवपुरी |
| ■ सीधी | ■ सिंगरौली |
| ■ खरगोन | ■ बड़वानी |
| ■ मंडला | ■ अलीराजपुर |
| ■ भिंड ■ मुरैना | ■ बैतूल |


2 साल बाद बढ़े डेंगू के मामले, चिकनगुनिया फिर भी कंट्रोल में

## प्रदेश के मंदसौर जिले में ही अकेले डेंगू के 33% मरीज

विजय सिंह बघेल • भोपाल

मो.नं. 9826968651

कोरोना संक्रमण कम होने के बाद अब मप्र में डेंगू का खतरा बढ़ रहा है। प्रदेश में अब तक डेंगू के 2,232 मामले सामने आ चुके हैं। मंदसौर, प्रदेश में डेंगू का सबसे बड़ा हॉटस्पॉट बन रहा है। यहां प्रदेश के 33% केस यानि 735 मरीज मिल चुके हैं। जबलपुर, रतलाम, आगर मालवा व भोपाल में भी इसके केस तेजी से बढ़े हैं। मप्र में अब तक 612 मरीजों को अस्पतालों में भर्ती कराया गया। इनमें 496 मरीज स्वस्थ हो चुके हैं। वर्तमान में 86 मरीज अस्पतालों में भर्ती हैं।




### बीते सालों में मप्र में डेंगू और चिकनगुनिया के मामले

| साल | डेंगू | चिकनगुनिया | साल | डेंगू | चिकनगुनिया |
|---|---|---|---|---|---|
| 2016 | 3340 | 625 | 2019 | 4120 | 802 |
| 2017 | 2666 | 854 | 2020 | 806 | 133 |
| 2018 | 4997 | 1616 | 2021 | 2232 | 110 (8 सितंबर तक) |

पिपुल्स

पिपुल्स
11-9-2021

# बाल चिकित्सालय को मिला सुंदर स्वरूप

## अब 63 ऑक्सीजन बेड सुविधा उपलब्ध, कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने किया निरीक्षण

रतलाम > रतलाम का शासकीय बाल चिकित्सालय अब सुंदर स्वरूप में नजर आने लगा है। कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम के निर्देश पर बाल चिकित्सालय में विभिन्न कार्य किए जाकर इसे सर्वविधायुक्त बनाया गया है। अब चिकित्सालय में बच्चों के लिए 63 ऑक्सीजन बेड की सुविधा उपलब्ध है जो पूर्व में मात्र 10 बेड की थी। कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने गुरुवार प्रातः बाल चिकित्सालय का निरीक्षण किया। आवश्यकता अनुसार कई कार्यों के लिए दिशा-निर्देश डिप्टी कलेक्टर सुश्री शिराली जैन तथा सिविल सर्जन डॉ. चंदेलकर को दिए। इस दौरान निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया, सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर ननावरे भी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान चिकित्सालय के विभिन्न कक्षों में बेतरतीब तथा अनावश्यक फर्नीचर को हटाने के निर्देश दिए। चिकित्सालय में बिस्तरों पर मैट्रेस कवर लगाए जाएंगे, कई स्थानों पर पेंट करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि बाल चिकित्सालय में भी ऑक्सीजन प्लांट स्थापित करने की योजना पर कार्य किया जाएगा। बाल चिकित्सालय में कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम द्वारा व्यक्तिगत रूचि लेते हुए आमूलचूल रूप से विकास कार्य करवाए जाकर नया स्वरूप दिया गया है। प्लान के मुताबिक़ चिकित्सालय के कार्यों को शीघ्र अति शीघ्र पूर्ण कराने के लिए कलेक्टर द्वारा डिप्टी कलेक्टर सुश्री शिराली जैन को तैनात किया गया जिनके द्वारा कार्यों की सतत मॉनिटरिंग की गई। बाल चिकित्सालय में पूरा ड्रेनेज सिस्टम नए सिरे से निर्मित किया गया है। पहले जहां मात्र 10 बेड ऑक्सीजन के थे वहीं अब इनकी संख्या बढ़कर 63 कर दी गई है। ऑक्सीजन के लिए सेंट्रल लाइन बिछाई गई है, छतों पर वाटर प्रूफिंग की गई है तथा नए बेड मुहैया कराए गए।

बाल चिकित्सालय के गार्डन में पेवर ब्लॉक लगाए गए हैं। आईसीयू कक्ष में टाइल्स लगाई गई, डॉक्टर के रूम में भी टाइल्स लगाई गई। चारों ओर मच्छर जालिया भी लगाई गई। कुछ विंडो खराब हो गई थी उनके स्थान पर नई एल्युमिनियम विंडो बनाई गई। चिकित्सालय परिसर में फ्लोर पर भी कार्य किया गया जिसके तहत कोटा स्टोन स्क्रेपिंग की गई, नए चैनल गेट्स लगाए गए हैं। ग्राउंड फ्लोर और फर्स्ट फ्लोर पर नए शेड वर्क किए गए, पूरे भवन में नए सिरे से इलेक्ट्रिफिकेशन किया गया है। सेनेटरी और प्लंबिंग वर्क भी पूरे भवन में कराया गया। आवश्यकता अनुसार कारपेंटिंग वर्क भी किया गया। चिकित्सालय के आउट साइड में एलिवेशन कार्य के साथ बाहरी गेट पर पेंटिंग तथा नई स्टील विंडो बनाई गई है। दीवारों पर टाइल्स लगाई गई हैं। आउटसाइड पेवर ब्लॉक, गार्डन रिचार्ज पीट, मेडिकल शेड वर्क, स्लैब, रिपेयरिंग वर्क जैसे कई कार्य चिकित्सालय परिसर में किए गए हैं। कलेक्टर के निर्देश पर नगर निगम द्वारा करवाए गए उक्त कार्यों से बाल चिकित्सालय भवन अब सर्व सुविधायुक्त, सुदृढ़ रूप तथा आकर्षक स्वरूप में अपनी सेवाएं देने के लिए तैयार हो गया है। चिकित्सालय में पेंटिंग कार्य जनसहयोग से कराया गया है।

**ब्लड बैंक का निरीक्षण किया**

कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने गुरुवार को ब्लड बैंक का भी निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान ब्लड बैंक परिसर में विभिन्न कार्यों की आवश्यकता जताते हुए पूर्ण जीर्णोद्धार के निर्देश दिए। खासतौर पर ब्लड बैंक परिसर में सिविल वर्क किए जाएंगे।

स्वतंत्र मेलाप
11-9-2021

# डेंगू की रोकथाम के लिए चलेगा जागरूकता का विशेष अभियान

## मुख्यमंत्री ने ली समीक्षा बैठक, 15 सितंबर को होंगे शामिल

**भोपाल (राज्य ब्यूरो)।** प्रदेश में डेंगू के बढ़ते मामलों को देखते हुए इसकी रोकथाम के लिए जनजागरूकता का विशेष अभियान चलाया जाएगा। इसमें फागिंग, लार्वा नष्ट करना, जलभराव को खाली करने जैसी गतिविधियां संचालित की जाएंगी। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भी 15 सितंबर को इसमें शामिल होंगे। यह निर्णय मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में शुक्रवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से डेंगू प्रभावित और कम टीकाकरण वाले जिलों की समीक्षा बैठक में लिया गया। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी पात्र व्यक्तियों के टीकाकरण के लिए मतदाता सूची को आधार बनाया जाए। 26 सितंबर तक प्रदेश में प्रथम डोज का टीकाकरण पूरा किया जाए।



शिवराज सिंह

### प्रदेश में डेंगू के 22 सौ मामले

बैठक में मुख्यमंत्री ने डेंगू से सर्वाधिक प्रभावित जिले मंदसौर, जबलपुर, रतलाम, आगर-मालवा, भोपाल, छिंदवाड़ा और इंदौर के कलेक्टरों से चर्चा की। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में डेंगू के 2200 मामले सामने आए हैं। भोपाल कलेक्टर अविनाश लवानिया ने बताया कि डेंगू के नियंत्रण के लिए फॉगिंग और लार्वा नष्ट करने का काम किया जा रहा है। घरों में जलभराव मिलने पर जुर्माना भी किया जा रहा है। अन्य कलेक्टरों ने डेंगू से बचाव के लिए किए जा रहे उपायों की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि जनता को साथ लेकर ही डेंगू से बचाव के लिए जलभराव न होने देने, मच्छर का लार्वा नष्ट करने जैसी गतिविधियां चलाई जा सकती हैं। प्लेटलेट्स की जांच के लिए किट की पर्याप्त व्यवस्था रखी जाए।

**सीरिंज कम मिली इसलिए टीकाकरण हुआ प्रभावित :** मुख्यमंत्री ने 70 फीसद से कम टीकाकरण वाले जिले सतना, श्योपुर, भिंड, धार, रीवां, सीधी, खरगोन, मंडला, मुरैना, कटनी, बालाघाट, छिंदवाड़ा, शिवपुरी, सिंगरौली, बड़वानी, आलीराजपुर और बैतूल के कलेक्टरों से इसकी वजह पूछी। सतना कलेक्टर अजय कटेसरिया ने बताया कि डोज तो पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं पर सीरिंज कम मिलने के कारण टीकाकरण प्रभावित हुआ है। इस पर मुख्यमंत्री ने अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य मोहम्मद सुलेमान से कहा कि यह स्थिति क्यों बन रही है। इसे देखें और सभी जिलों को वैक्सीन की पर्याप्त डोज और उसके अनुपात में सीरिंज भी उपलब्ध कराई जाए। किसी भी स्थिति में टीकाकरण प्रभावित नहीं होना चाहिए।

नईदुनिया
11-9-2021

# स्टेडियम में जिम के साथ योगा भी

प्र.भी.

रतलाम, नप्र। पोलो ग्राउंड के खेल स्टेडियम में पेवेलियन के साथ ही जिम और योगा कक्ष भी बनाया जा रहा है। अलग-अग कमरों के साथ शेड और बाथरूम भी बनेगा।



यहां चल रहे काम को देखने कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम पहुंचे। कलेक्टर को बताया कि यहां लगभग 3 करोड 50 लाख की लागत से स्टेडियम में काम चल रहा है। इस दौरान निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया तथा नगर निगम के कार्यपालन यंत्री जी.के. जायसवाल भी मौजूद रहे। निरीक्षण दौरान कलेक्टर ने निगम आयुक्त को निर्देश दिए कि स्टेडियम के सामने वाले छोर पर एक प्रदर्शनी स्थल बनाया जाएं जो सीमेंट क्रांकीट का हो। कलेक्टर ने कहा कि इस तरह की प्रदर्शनी स्थल होने से शहर में आने वाले शिल्प व्यवसायियों अथवा अन्य वस्तु सामग्री की प्रदर्शनी लगाने वाले लोगों को सुलभ रहेगा। मेले आदि भी आयोजित हो सकेंगे। और ऐसे आयोजनों के लिए शहर के मध्य स्थित यह स्थान सबसे बेहत उपयोगी रहेगा। इससे निगम को आय भी होगी। कलेक्टर ने कार्यपालन यंत्री जायसवाल को इसके लिए मेजरमेंट तैयार करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्टेडियम के आसपास निगम की ओर से हटाए गए अतिक्रमण की जानकारी लेकर फूड जोन के संबंध में भी दिशा.निर्देश दिए।

प्र० किरण
11-9-2021

15 सितम्बर को डेंगू के विरूद्ध विशेष अभियान

# 26 सितम्बर तक हो प्रथम डोज़ का शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन : मुख्यमंत्री श्री चौहान

## मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम से भी चर्चा कर जानकारी प्राप्त की

रतलाम। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश में 26 सितम्बर तक प्रथम डोज़ का शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन पूर्ण किया जाए। सभी पात्र व्यक्तियों के टीकाकरण के लिए वोटर लिस्ट को आधार बनाया जाए। गांव तथा वार्डों से जो व्यक्ति रोजगार के सिलसिले में बाहर गये है उनकी जानकारी दर्ज कर शेष सभी व्यक्तियों को वैक्सीन की प्रथम डोज लगाना सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि डेंगू से बचाव के उपायों की जानकारी जन-जन तक पहुँचाने के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान स्वयं 15 सितम्बर को प्रात 10 से 10.30 बजे के बीच डेंगू के विरूद्ध इस अभियान में फॉगिंग, लारवा नष्ट करने, जल जमाव को खाली करने जैसी डेंगू से बचाव और नियंत्रण संबंधी गतिविधियों में भाग लेंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से कम वैक्सीनेशन और डेंगू प्रभावित जिलों के कलेक्टरों से वर्चुअली चर्चा कर रहे थे। डेंगू प्रकोप के सम्बन्ध में मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कलेक्टर रतलाम कुमार पुरुषोत्तम से भी चर्चा की। कलेक्टर ने मुख्यमंत्री को जिले में डेंगू प्रकोप के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए बताया कि शीघ्र अति शीघ्र जिले में डेंगू पर कंट्रोल कर लिया जाएगा।

**17 जिलों के कलेक्टरों से पूछा कम टीकाकरण का कारण-मुख्यमंत्री श्री चौहान ने** 70 प्रतिशत से कम वैक्सीनेशन वाले जिलों सतना, श्योपुर, भिण्ड, धार, रीवा, सीधी, खरगौन मंडला, मुरैना, कटनी, बालाघाट, छिन्दवाड़ा, शिवपुरी, सिंगरोली, बड़वानी, अलीराजपुर और बैतूल के कलेक्टरों से टीकाकरण में कमी के कारणों पर चर्चा की। सतना कलेक्टर ने कहा कि टीके की डोज पर्याप्त है पर सिरींज कम मिल पाने के कारण टीकाकरण प्रभावित हुआ है। छिंदवाड़ा कलेक्टर ने बताया कि पोला, तीजा आदि त्यौहारों से टीकाकरण की गति प्रभावित हुई है। बैतूल कलेक्टर ने कहा कि त्यौहारों के साथ अधिक वर्षा ने टीकाकरण को प्रभावित किया है। साथ ही डेंगू तथा अन्य मौसमी बुखार के कारण कुछ प्रकरणों में टीकाकरण को लंबित किया गया है। मण्डला कलेक्टर ने बताया कि टीकाकरण अभियान को गति देने के लिए वन विभाग की टीमों को भी लगाया गया है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में अब तक 75 प्रतिशत पात्र नागरिकों को प्रथम डोज तथा 17 प्रतिशत वैक्सीन का द्वितीय डोज लग चुका है।

इन्दौर समाचार 11-9-2021

# डेंगू नियंत्रण पर जन जागरूकता के लिए शहर में 1 लाख पंपलेट घर-घर बांटे जाएंगे

रतलाम। जिले में डेंगू नियंत्रण पर समीक्षा के लिए एक बैठक कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा शुक्रवार को आयोजित की गई। कलेक्टर ने कहा कि डेंगू नियंत्रण के लिए जनजागरूकता सबसे ज्यादा जरूरी है। बैठक में मौजूद निगमायुक्त सोमनाथ झारिया को निर्देश दिया कि डेंगू पर जनजागरूकता संबंधि जानकारी देने वाले एक लाख पेम्पलेट रतलाम शहर में घर-घर पहुंचाया जाए। घरों पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पेम्पलेट में अंकित जानकारी पढ़कर सुनाएंगी और वितरित करेंगी। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती मीनाक्षीसिंह, अपर कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े, सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर ननावरे आदि उपस्थित थे। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि शहर में डेंगू नियंत्रण के लिए चार दलों का गठन किया जाए जिसमें नगर निगम के अलावा राजस्व तथा मलेरिया विभाग के कर्मचारी सम्मिलित रहेंगे। यह दल शहर में डेंगू नियंत्रण के लिए सतत कार्य करेंगे। जलजमाव हटाने, मच्छर नियंत्रण, फागिंग जैसे कार्य करवाने के साथ ही लोगों में जागरूकता भी लाएंगे। गठित दल केवल डेंगू नियंत्रण के लिए ही कार्य करेंगे, उनको अन्य किसी कार्य में नहीं लगाया जाएगा। प्रत्येक दल को वाहन उपलब्ध कराने के निर्देश भी निगमायुक्त को दिए गए।

इन्दौर समाचार

# डेंगू नियंत्रण पर जन जागरूकता के लिए शहर में 1 लाख पंपलेट घर-घर बांटे जाएंगे

रतलाम। जिले में डेंगू नियंत्रण पर समीक्षा के लिए एक बैठक कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा शुक्रवार को आयोजित की गई। कलेक्टर ने कहा कि डेंगू नियंत्रण के लिए जनजागरूकता सबसे ज्यादा जरूरी है।

बैठक में मौजूद निगमायुक्त सोमनाथ झारिया को निर्देश दिया कि डेंगू पर जनजागरूकता संबंधि जानकारी देने वाले एक लाख पेम्पलेट रतलाम शहर में घर-घर पहुंचाया जाए। घरों पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पेम्पलेट में अंकित जानकारी पढ़कर सुनाएंगी और वितरित करेंगी। बैठक में सीईओ जिला पंचायत मीनाक्षीसिंह, अपर कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े, सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर ननावरे आदि उपस्थित थे। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि शहर में डेंगू नियंत्रण के लिए चार दलों का गठन किया जाए जिसमें नगर निगम के अलावा राजस्व तथा मलेरिया विभाग के कर्मचारी सम्मिलित रहेंगे। यह दल शहर में डेंगू नियंत्रण के लिए सतत कार्य करेंगे। जलजमाव हटाने, मच्छर नियंत्रण, फागिंग जैसे कार्य करवाने के साथ ही लोगों में जागरुकता भी लाएंगे। गठित दल केवल डेंगू नियंत्रण के लिए ही कार्य करेंगे, उनको अन्य किसी कार्य में नहीं लगाया जाएगा। प्रत्येक दल को वाहन उपलब्ध कराने के निर्देश भी निगमायुक्त को दिए गए।

## शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में भी मिल रहे मरीज

सूत्रों के अनुसार जिले में अब तक इस साल डेंगू के मरीजों का आंकड़ा बढ़ते हुए 300 के पास पहुंच गया है। शहर के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी मरीज सामने आ रहे हैं।

## आज जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक

शहर में डेंगू नियंत्रण तथा शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन पर चर्चा के लिए पुरुषोत्तम द्वारा एक बैठक 11 सितंबर को प्रातः 11 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में जनप्रतिनिधि तथा पूर्व पार्षदगण उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटी के सदस्य भी मौजूद रहेंगे। नवभारत

नवभारत
11-9-2021

# नगर निगम ने शहरी क्षेत्र से हटाए 26 तबेले



रतलाम। नगर निगम एक्ट के विरूद्ध नगरीय सीमा क्षेत्र में संचालित भैंसो के तबेले व बाड़े हटाने के अभियान के तहत तबेले संचालकों को अपने तबेले स्वंय तोडने की समय सीमा 7 सितम्बर समाप्त होने के बाद निगम आयुक्त के निर्देशानुसार झोन क्रमांक 4 के अन्तर्गत संचालित 5 तबेलो को तोड़ा जाकर तबेले मालिकों से तबेले तोड़ने की राशि वसूली। भैंसो व अन्य पशुओं के शेष बचे तबेले एवं बाड़े तोड़े जायेंगे साथ साथ ही संबंधितो से 15 हजार रूपये प्रति घन्टे के मान से तोडने की राशि वसूल की जायेगी। भैंसो के बाड़े व तबेले तोड़ने का कार्य जीतमल राठौड़, गोविन्द मेहना रत्नेश्वर रोड, लाला घोसी, राधेश्याम गुर्जर धभाईजी का वास, राजेश राठौड वसंत कालोनी द्वारा अपने तबेले नहीं हटाये जाने की स्थिति मे उक्त तबेलों को जेसीबी मशीन, गैंग आदि के माध्यम से हटाया गया। इसके अलावा संतोष गुर्जर व राहूल गुर्जर धभाई जी का वास के तबेले पूर्व से ही बंद होकर तबेलो को निवास हेतु उपयोग हेतु पाये गये। इस तरह नगर निगम द्वारा अब तक शहरी क्षेत्र से कुल 26 तबेलो को हटाया गया यह अभियान जारी रहेगा।

राज एक्सप्रेस 11/9/21

## आज अतिक्रमण व तबेले हटाएंगे

रतलाम. शहर में सैलाना रोड से लेकर लोकेंद्र भवन तक के अतिक्रमण को नगर निगम हटाने की कार्रवाई रविवार को करेगा। इसके अलावा बचे हुए तबेले तोड़ने का कार्य भी होगा। पत्रिका

पत्रिका 11/9/21